

रांची, बुधवार, 1 अप्रैल 2026

संवत 2083, चैत्र शुक्ल 14 संवत मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 196, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान बनेगा जेवर एयरपोर्ट

डेटिंग रुमर्स पर मलाइका ने तोड़ी चुप्पी 6


### आज से नया आयकर अधिनियम 2025 लागू

# एटीएम से यूपीआई के जरिए नकद निकासी को भी फ्री ट्रांजैक्शन की लिमिट में गिना जाएगा





**नई दिल्ली ।** भारत में 1 अप्रैल 2026 से नया वित्तीय वर्ष शुरू होते ही आम आदमी की आर्थिक जिंदगी में कई बड़े बदलाव लागू हो गए हैं। करीब 65 साल पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह अब नया आयकर अधिनियम 2025 लागू हो गया है, जिसका उद्देश्य टैक्स सिस्टम को सरल, पारदर्शी और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाना है। इसके साथ ही जीएसटी व्यवस्था, बैंकिंग नियम, डिजिटल पेमेंट और रोजमर्रा के खर्चों से जुड़े कई अहम बदलाव भी लागू हुए हैं, जिनका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ेगा। नए टैक्स सिस्टम के तहत अब 'फाइनेंशियल ईयर' और 'असेसमेंट ईयर' की जगह सिर्फ 'टैक्स ईयर' की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे टैक्स कैलकुलेशन आसान हो जाएगा। सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आय को करमुक्त रखने का ऐलान किया है। साथ ही, टैक्स से जुड़े नियमों को सरल भाषा में पेश किया गया है ताकि आम लोगों को समझने में आसानी हो और अनुपालन बेहतर हो सके।

आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए अंतिम तारीख 31 जुलाई ही रहेगी, जबकि अन्य करदाताओं के लिए यह 31 अगस्त तय की गई है। जिन मामलों में ऑडिट जरूरी है, उनके लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर होगी।

इसके अलावा, अब गिफ्ट और वाउचर पर टैक्स छूट की सीमा बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दी गई है, जो पहले 5,000 रुपए थी। बच्चों के शिक्षा और हॉस्टल भत्ते में भी बड़ी बढ़ोतरी की गई है, जिससे परिवारों को राहत मिलेगी।

हालांकि, इस बीच महंगाई का दबाव भी बढ़ता नजर आ रहा है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 195.50 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 2078.50 रुपए तक पहुंच गई है, जो पहले 1884.50 रुपए थी। इसका असर होटल और रेस्टोरेंट के खाने-पीने की कीमतों पर पड़ सकता है, जिससे आम लोगों का खर्च बढ़ना तय है। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है।

सरकारी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने राष्ट्रीय राजधानी में अपने प्रीमियम फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। एक्सपी100 पेट्रोल की कीमत अब 160 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 149 रुपए थी। इसी तरह कंपनी ने एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल (प्रीमियम डीजल) की कीमत भी बढ़ा दी है। अब दिल्ली में इसकी कीमत 92.99 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 91.49 रुपए थी। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद, भारत के प्रमुख शहरों में ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं।

पैन कार्ड से जुड़े नियम भी सख्त कर दिए गए हैं। अब सिर्फ आधार के आधार पर पैन बनवाना संभव नहीं होगा और अतिरिक्त दस्तावेज देना जरूरी होगा। बड़े लेनदेन के लिए पैन अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, क्रेडिट कार्ड से बड़े खर्च की जानकारी अब आयकर विभाग को दी जाएगी, जिससे वित्तीय पारदर्शिता बढ़ेगी।

मकान किराया भत्ता (एचआरए) के नियमों को भी कड़ा किया गया है। अब किराये की छूट पाने के लिए मकान मालिक का पैन और अन्य विवरण देना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को मेट्रो शहरों में शामिल कर लिया गया है, जिससे इन शहरों में रहने वालों को 50 प्रतिशत तक एचआरए छूट मिलेगी।

बैंकिंग और डिजिटल लेनदेन के क्षेत्र में भी बदलाव हुए हैं। अब एटीएम से यूपीआई के जरिए नकद निकासी को भी फ्री ट्रांजैक्शन की लिमिट में गिना जाएगा। वहीं, सभी डिजिटल पेमेंट के लिए 'टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन' अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे ऑनलाइन फ्रॉड पर रोक लगेगी।

यात्रियों के लिए रेलवे नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब कंफर्म टिकट पर रिफंड पाने के लिए ट्रेन छूटने से कम से कम 8 घंटे पहले टिकट कैंसिल करना होगा। वहीं, बोर्डिंग स्टेशन बदलने की सुविधा अब ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक उपलब्ध रहेगी। हाईवे पर सफर करने वालों के लिए फास्टैग महंगा हो गया है और टोल प्लाजा पर नकद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया है। अब केवल डिजिटल माध्यमों से ही भुगतान करना होगा, अन्यथा जुमार्ना देना पड़ सकता है।

# डीवीसी ने आज से नए बिजली टैरिफ किया लागू

**मेट्रो रेज**

**रांची :** झारखंड में दामोदर वैली कारपोरेशन (डीवीसी) क्षेत्र के लिए नए बिजली टैरिफ लागू हो गए हैं। एक अप्रैल से प्रभावी इस नए आदेश में पुराने वर्षों का हिसाब, मौजूदा दरों की समीक्षा और आने वाले वर्षों की योजना सब कुछ शामिल किया गया है। नई दरों का असर सीधे उपभोक्ताओं की जेब पर दिखेगा, खासकर उद्योग और व्यापार से जुड़े लोगों पर।



**घरेलू उपभोक्ताओं को मिली हल्की राहत :** नई दरों में घरेलू उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत जरूर दी गई है। पहले जहां बिजली 4.30 रुपये प्रति यूनिट मिल रही थी, अब यह घटकर 4.25 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। हालांकि यह राहत काफी सीमित मानी जा रही है।

**व्यवसायिक उपभोक्ताओं पर बढ़ा बोझ :** दुकानदारों और व्यवसायिक उपभोक्ताओं के लिए बिजली महंगी हो गई है। इस श्रेणी में दर 4.30 रुपये से बढ़ाकर 4.80 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई है। यानी हर यूनिट पर 50 पैसे का अतिरिक्त भार पड़ेगा, जिसका असर सीधे कारोबार की लागत पर पड़ेगा।

**उद्योगों के लिए सबसे ज्यादा बढ़ोतरी :** नई दरों में सबसे ज्यादा असर उद्योगों पर पड़ा है। 11 केवी श्रेणी में बिजली दर 4.20 रुपये से बढ़कर 6.00 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। वहीं 33 केवी के लिए 5.90 रुपये और 132 केवी के लिए 5.85 रुपये प्रति यूनिट की दर तय की गई है। इस बढ़ोतरी से उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ने की संभावना है, जिसका असर आगे कीमतों पर भी पड़ सकता है।

**कृषि और सिंचाई में कोई बदलाव नहीं :** किसानों को राहत देते हुए कृषि और सिंचाई श्रेणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यहां दर पहले की तरह 5.30 रुपये प्रति यूनिट ही बनी रहेगी।

**अब हर यूनिट पर लगेगा अतिरिक्त सरचार्ज :** कृषि को छोड़कर बाकी सभी उपभोक्ताओं पर 0.35 रुपये प्रति यूनिट का अतिरिक्त सरचार्ज लगाया गया है। यह पुराने बकाये समायोजन के लिए लगाया गया है, जिससे कुल बिजली बिल और बढ़ेगा।

**प्रीपेड और समय पर भुगतान पर छूट :** उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कुछ प्रोत्साहन भी तय किए गए हैं। बिल जारी होने के पांच दिनों के भीतर भुगतान करने पर 2 प्रतिशत की छूट मिलेगी, जबकि प्रीपेड मीटर अपनाने वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा शुल्क पर अतिरिक्त 3 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इससे समय पर बिल भुगतान को बढ़ावा देने की कोशिश की गई है।

**ग्रीन एनर्जी और सोलर को बढ़ावा :** नई व्यवस्था में ग्रीन एनर्जी को भी बढ़ावा दिया गया है। इसके तहत 0.45 रुपये प्रति यूनिट का ग्रीन टैरिफ लागू किया गया है। रूफटॉप सोलर के लिए भी नई दरें तय की गई हैं। ग्रॉस मीटरिंग पर 4.16 रुपये और नेट मीटरिंग पर 3.80 रुपये प्रति यूनिट का टैरिफ निर्धारित किया गया है।

## प्रभाकर प्रभात बने ईडी रांची जोनल के नए जॉइंट डायरेक्टर, अजय लुहाच का हुआ रायपुर तबादला

**मेट्रो रेज**

**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय में बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला हुआ है। प्रभाकर प्रभात रांची ईडी जोनल के नए जॉइंट डायरेक्टर बनाए गए हैं। वहीं, अजय लुहाच का तबादला रांची से रायपुर किया गया है। इस संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

**कई तबादले, प्रभाकर प्रभात रायपुर से रांची आए :** प्रवर्तन निदेशालय ने बड़े पैमाने पर अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है, जिसमें कई फेरबदल किए गए। झारखंड में भी ईडी में बड़ा तबादला हुआ है।



ईडी रांची जोनल के जॉइंट डायरेक्टर अजय लुहाच का तबादला रायपुर किया गया है। वहीं, रायपुर से प्रभाकर प्रभात को रांची भेजा गया है। जहां उन्हें रांची ईडी जोनल के नए जॉइंट डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अधिसूचना के अनुसार अवनीश तिवारी पणजी से चंडीगढ़, राकेश कुमार सुमन कोच्चि से लखनऊ, मयंक पांडे गुवाहाटी से मुंबई ,प्रभाकर प्रभात रायपुर से रांची ट्रांसफर किए गए हैं। जबकि अजय लुहाच रांची से रायपुर जा रहे हैं। माधुर डी। सिंह मुख्यालय से गुरुग्राम और राज कुमार लखनऊ से मुख्यालय स्थानांतरित किए गए है।

**अतिरिक्त जिम्मेदारियां :** अभयुदय ए। आनंद को कोच्चि जोनल कार्यालय, रामधन डागर को मुख्यालय, और सत्यमकाम दत्ता गुवाहाटी भेजे गए हैं। माधुर डी. सिंह को श्रीनगर का चार्ज भी मिला। वहीं, अजय लुहाच को पणजी जोनल कार्यालय की जिम्मेदारी भी सौंपा गया।

## प्रीमियम ईंधन की कीमतें बढ़ी, सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली ।** सरकारी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने राष्ट्रीय राजधानी में अपने प्रीमियम फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। एक्सपी100 पेट्रोल की कीमत अब 160 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 149 रुपए थी। यह हाई-ऑक्टेन फ्यूल मुख्य रूप से लग्जरी कारों और हाई-परफॉर्मेंस मोटरसाइकिलों में इस्तेमाल किया जाता है, जिससे इंजन की क्षमता बेहतर होती है। इसी तरह कंपनी ने एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल (प्रीमियम डीजल) की कीमत भी बढ़ा दी है। अब दिल्ली में इसकी कीमत 92.99 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 91.49 रुपए थी। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद, भारत के प्रमुख शहरों में ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं। तेल कंपनियों ने ऑटो फ्यूल की कीमतों को स्थिर रखा है, जबकि अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के दाम में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अभी भी 94.72 रुपए प्रति लीटर है, जबकि डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपए और डीजल 89.97 रुपए प्रति लीटर है।

# चाईबासा में हाथियों का कहर, सो रहे पुजारी को पटककर मार डाला



**संवाददाता**

**चाईबासा :** जिले में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरकुंडिया गांव के तुरामडीह टोला की है, जहां बीती देर रात एक हाथी ने हमला कर पूजा कर रही महिला पुजारी चांदो देवी (56) की जान ले ली। इस हमले में एक अन्य पुजारी गंभीर रूप से घायल हो गया।

**झोपड़ी में सो रही थी पुजारी, अचानक हमला :** जानकारी के मुताबिक तांतनगर प्रखंड के कुम्बराम गांव की रहने वाली चांदो देवी पूजा-पाठ करती थीं। सोमवार रात वह बरकुंडिया गांव की मंदिरनुमा झोपड़ी में खाना खाने के बाद सो रही थीं। इसी दौरान जंगल की ओर से आया एक जंगली हाथी अचानक झोपड़ी पर टूट पड़ा और चांदो देवी को सूंड से उठाकर जोर से पटक दिया।

**साथी पुजारी ने भागकर बचाई जान :** घटना के समय वहां मौजूद दूसरे पुजारी लखन कुदादा पर भी हाथी ने हमला किया। हालांकि, वह किसी तरह मौके से भागकर झाड़ियों में छिप गए और अपनी जान बचा ली। ग्रामीणों ने टॉर्च और मशाल की मदद से हाथी को खदेड़ने की कोशिश की, तब जाकर स्थिति काबू में आई।

**अस्पताल ले जाने के दौरान हुई मौत :** घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत चांदो देवी और घायल लखन कुदादा को सदर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन रास्ते में ही चांदो देवी ने दम तोड़ दिया। वहीं, लखन कुदादा का इलाज अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

**वन विभाग पहुंचा, हाथी को जंगल की ओर भगाया :** मंगलवार सुबह वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। विभाग ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का आश्वासन भी दिया है।

**तीन महीने में 25 लोगों की जा चुकी है जान :** पश्चिमी सिंहभूम में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले तीन महीनों में ही हाथियों के हमले में 25 लोगों की मौत हो चुकी है। जिले में हाथियों की संख्या ज्यादा होने और जंगलों के सिमटने के कारण इंसान और हाथियों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है।

**गांवों में दहशत, लोग रात भर जागने को मजबूर :** इस घटना के बाद आसपास के गांवों में डर का माहौल है। लोग रात में घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं और कई गांवों में लोग जागकर पहरा दे रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में महिला पुलिसकर्मी की मौत



**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत फुटकलटोली स्थित राइस मिल के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में महिला पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से इलाके में शोक की लहर फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका एक महिला पुलिसकर्मी थी जो स्कूटी से ड्यूटी पर जा रही थी। इसी दौरान फुटकलटोली राइस मिल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला पुलिसकर्मी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है ताकि आरोपी की पहचान कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

## जीएसटी संग्रह मार्च में 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली :** सकल जीएसटी संग्रह मार्च 2026 में सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसकी वजह घरेलू अर्थव्यवस्था का मजबूत होना और आयात से जुड़े जीएसटी संग्रह में तेज वृद्धि होना है। यह जानकारी सरकार द्वारा बुधवार को दी गई। मार्च में सकल जीएसटी आय 2,00,064 करोड़ रुपए रही है, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 1,83,845 करोड़ रुपए थी। इस बढ़ोतरी की वजह आयात पर लगने वाले जीएसटी में 17.8 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी है। हालांकि, घरेलू सामान पर लगने वाला जीएसटी में सालाना आधार पर 5.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अगर 22,074 करोड़ रुपए के रिफंड को हटा दिया जाए तो मार्च में शुद्ध जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत बढ़कर 1,77,990 करोड़ रुपए हो गया है।



## झारखंड की जेलों में रिक्त पदों को 6 महीने में भरने का निर्देश

**रांची :** हाईकोर्ट ने राज्य की जेलों में रिक्त पदों को अबतक नहीं भरे जाने पर राज्य सरकार और झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) पर कड़ी नाराजगी जताई है. जेलों में रिक्त पदों को 6 महीने में भरने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने मामले में गृह सचिव और जेएसएससी सचिव को रिक्त पदों को भरने को लेकर 1 मई तक शपथ पत्र के माध्यम से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है. अगर गृह सचिव और जेएसएससी सचिव का स्टेटस रिपोर्ट संतोषजनक पाया नहीं जाता है तो 7 मई को कोर्ट इनके मामले में अवमानना की कार्रवाई पर भी विचार कर सकती है. अगली सुनवाई 7 मई को होगी. मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मौखिक कहा कि सरकार और जेएसएससी की ओर से राज्य के जिलों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में वास्तविक जानकारी कोर्ट को नहीं दी जा रही है, केवल रिक्त पदों को भरने के नाम पर समय लिया जाता है. आश्वासन देकर जेल में नियुक्ति प्रक्रिया को टालने का प्रयास किया जा रहा है, जो अनुचित है. खंडपीठ ने गृह सचिव और जेएसएससी सचिव को स्पष्ट हिदायत दी है कि मामले में शपथ पत्र के माध्यम से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें, अपने कनीय अधिकारियों की ओर से शपथ पत्र दाखिल ना कराए अन्यथा कोर्ट उनपर कार्रवाई कर सकती है।

## सिल्ली पीएम श्री कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वार्षिक समारोह



**मुरी :** आज पी एम श्री कस्तुरबा बालिका विद्यालय , सिल्ली में आयोजित वार्षिकोत्सव मनाया गया।स्कूल की हेड मैडम चन्द्रिका कुमारी ने कही कि बेहतर शिक्षा निति से आज बच्चे सरकारी विद्यालयों में भी शिक्षा के साथ साथ कला संस्कृति,खेल कूद,सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।बस सबके प्रयास और सहयोग से ही विद्यालय में बेहतर शिक्षा का माहोल संभव हो सकता हैं।सभी विद्यालय परिवार को वार्षिकोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र नाथ बड़ाईक, वार्ड सदस्य,एस एम सी के सदस्य एवं अभिभावक।

## सरहुल पर तोरपा में निकली भव्य शोभायात्रा मांदर की थाप पर झूमे प्रकृति पूजक



**खूंटी/तोरपा :** जनजातीय समाज के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण पर्व सरहुल के अवसर पर मंगलवार को तोरपा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव और उमंग का माहौल देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे महिला-पुरुष, युवा और बच्चे ढोल, नगाड़ा और मांदर की थाप पर झूमते-नाचते नजर आए तथा प्रकृति के इस पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। शोभायात्रा प्रखंड मैदान से शुरू होकर मेन रोड, खसुआ टोली होते हुए पेट्रोल पंप तक पहुंची। वहां से पुनः मेन रोड के रास्ते हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल तक गई। यात्रा के दौरान विभिन्न मार्गों पर लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पूरे जुलूस में पारंपरिक गीत-संगीत और आदिवासी संस्कृति की मनमोहक झलक देखने को मिली। मांदर की थाप पर थिरकते श्रद्धालुओं ने सरहुल पर्व की गरिमा को और भी आकर्षक बना दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोचे मुंडा ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति के प्रति आदिवासी समाज की गहरी आस्था, श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति संरक्षण, सामूहिकता और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ नवीन चन्द्र झा, जिला परिषद सदस्य सुशांति कोनगाड़ी, उप प्रमुख संतोष कर, थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव, विधायक सुदीप गुड़िया की धर्मपत्नी अनीता कोनगाड़ी, प्रिया मुंडा, विजय मुंडा, दुर्गावती ओड़िया, विनोद भगत, दीपक तिग्गा सहित बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग शामिल हुए। भाजपा युवा मोर्चा तोरपा प्रखंड कमेटी की ओर से शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने मेन रोड तोरपा में पुष्प वर्षा, आतिशबाजी तथा पानी, चना और गुड़ का वितरण कर सरहुल शोभायात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नीरज पाढ़ी, अजीत रॉय, नीरज जायसवाल, दीपक तिग्गा, सुबोध जायसवाल, निशांत जायसवाल, केशव कुमार, आशुतोष सिंह, रौनक षाडंगी, कुलदीप मिश्रा, पवन गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं, फ्रेंड्स क्लब तोरपा की ओर से भी शोभायात्रा में शामिल लोगों के बीच शरबत, चना और पानी का वितरण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान अभिषेक राय, सावन महतो, विशाल कुमार, विक्की गुप्ता, कन्हैया कुमार, अमन कुमार, चंदन सिंह, पवन सिंह, आकाश महतो, राहुल कुमार सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

सरहुल शोभायात्रा के दौरान तोरपा में आदिवासी परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, परंपरा और समुदाय के बीच गहरे संबंध का जीवंत उत्सव है।

## तेज रफ्तार हाइवा ने नेताजी चौक स्थित स्टैच्यू की रेलिंग तोड़ी, पुलिस ने वाहन जब्त किया



**खूंटी:** शहर के नेताजी चौक पर मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित हाईवा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा परिसर की रेलिंग में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्टैच्यू के चारों ओर लगी रेलिंग का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं हाईवा के अगले हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है। घटना रात लगभग 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवा काफी तेज गति में था और नेताजी चौक पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके कारण वाहन सीधे प्रतिमा स्थल की रेलिंग से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रेलिंग का एक हिस्सा बुरी तरह टूट गया। हादसे के बाद पीछे से आ रही पुलिस की गाड़ी ने मौके पर ही हाईवा को पकड़ लिया। घटना के बाद कुछ देर के लिए चौक पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। हाईवा चालक ने पुलिस को बताया कि वह रांची की ओर से खूंटी आ रहा था। इसी दौरान दतिया रोड की ओर से अचानक निकल रही एक अन्य गाड़ी को बचाने के प्रयास में उसका वाहन अनियंत्रित हो गया और यह हादसा हो गया। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने चालक के इस दावे पर सवाल उठाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवा की रफ्तार काफी अधिक थी और तेज गति के कारण ही चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हाइड्रा मशीन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को मुख्य मार्ग से हटवाया, ताकि यातायात सामान्य हो सके। इसके बाद वाहन को खूंटी थाना ले जाया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि हादसे के समय चालक की लापरवाही, तेज रफ्तार या अन्य कोई कारण इस दुर्घटना के पीछे जिम्मेदार था। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि शहर के मुख्य चौक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर सख्ती से नियंत्रण किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव से शुरू विवाद

# खूंटी में बंद तीसरे दिन समाप्त हुआ, प्रशासन से वार्ता और आश्वासन के बाद बनी सहमति

**संवाददाता**

**खूंटी :** जिला के मुरहू में रामनवमी के दौरान हुई पथराव की घटना को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन और मुरहू सहित खूंटी बंद आज तीसरे दिन समाप्त हो गया।

इस संबंध में आज जिला पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो और उपायुक्त आर. रॉनिता की मौजूदगी में मुरहू के दोनों पक्षों तथा खूंटी रामनवमी महासमिति के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एसपी ने कहा कि मामले की वस्तुस्थिति स्पष्ट हो चुकी है। उन्होंने बताया कि यह विवाद दोनों धार्मिक पक्षों के कुछ असामाजिक तत्वों के आपसी मतभेद का परिणाम है।



एसपी ने आश्वासन दिया कि जिन निर्दोष लोगों के नाम आपसी वैमनस्य या थाना स्तर की लापरवाही के कारण मामले में शामिल किए गए हैं, उन्हें जांच के बाद हटाया जाएगा। लेकिन जो दोषी हैं उनपर अवश्य कार्रवाई की जाएगी। इस पर उपायुक्त ने भी सहमति जताई। इसके बाद रामनवमी महासमिति के पदाधिकारियों ने मुरहू बंद समाप्त करने की घोषणा कर दी।

इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा प्रदेश कार्यालय से चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी खूंटी पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद, सीमा शर्मा और हटिया विधायक नवीन जायसवाल शामिल थे। इन नेताओं ने पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा की उपस्थिति में स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली तथा प्रशासनिक कार्यशैली पर नाराजगी जताई।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक नवीन जायसवाल ने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाएगी। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर गलत नीतियों का विरोध करने की अपील की।

अंत में रामनवमी महासमिति के महामंत्री जितेंद्र कश्यप ने बताया कि प्रशासन के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद सर्वसम्मति से बंद वापस लेने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही खूंटी में व्यापारिक गतिविधियां पुनः सामान्य रूप से शुरू हो जाएंगी। इस पूरे घटनाक्रम में अनूप साहू, जितेंद्र कश्यप, ज्योतिष भगत, मनोज जायसवाल, विनोद जायसवाल, प्रियांक भगत, जय भाला, संजीव चौरसिया, संजय गुप्ता और संजय साहू सहित कई लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

## आंदोलनकारियों की स्वाभिमान की रक्षा का दायित्व सरकार का : पुष्कर महतो

**संवाददाता**

**मुरी :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला के तत्वावधान में झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अमर पुरोधा एन ई होरो की 101 वीं जयंती समारोह बहु बाजार प्रांगण में आयोजित किया गया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई.आंदोलनकारियों ने मांग की ,कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अमर पुरोधा एन ई होरो की जंयती को सरकार की ओर से राजकीय मान - सम्मान के साथ मनाया जाना चाहिए. एनई होरो के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि सरकार झारखंड आंदोलनकारियों के स्वाभिमान की रक्षा करने का दायित्व का निर्वाह करें. झारखंड आंदोलनकारी को न्याय के साथ सम्मान और समाज में स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार चाहिए। आज आंदोलनकारी की पहचान विलुप्त होते जा रही है यह विडंबना है कि



समाज अलग राज्य बनाने वालों को सहज सरल रूप से सम्मान पहचान नहीं दे रहे हैं.

दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी का अस्तित्व एवं अस्मिता झारखंड आंदोलनकारियों से है. सभी का गजट नोटिफिकेशन कर राजकीय मान सम्मान दिया जाना चाहिए. केंद्रीय उपाध्यक्ष इजहार राही ने कहा कि झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधाओं के सपने, झारखंड अलग एवं माय माटी के मूल्य अधूरे हैं. ।

केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की उपेक्षा इसी प्रकार होती रही तो आने वाले दिनों में झारखंड की पहचान खत्म हो जाएगी। दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के प्रभारी अनथन ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों ने अपने संघर्ष शहादत के बल पर अलग राज्य के आंदोलन को मंजिल तक पहुंचा है.वरीय झारखंड आंदोलनकारी मोहम्मद अब्दुल खालिद ने कहा कि सरकार के द्वारा एन ई होरो को राजकीय मान सम्मान नहीं मिलना दुखद बात है. एन ई होरो के वृहद अलग राज्य के सपने अधूरे हैं.।.आंदोलनकारियों का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी के सम्मान से ही राज्य एवं सरकार का सम्मान है. कार्यक्रम का सफल संचालन राजेंद्र महतो ने की. मौके पर अमर भेंगरा, रंजन बाड़ा,सुजीत कुमार राम, विनोद कुमार महतो हलदर महतो, , सनत कुमार राय,अमर कुमार महतो ,बिमल तिर्की ,भुवनेश्वर महतो, धनंजय महतो, रंजनी कंडुलना, बेला बलवंती एक्का, सुधीर कुमार महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, दिनेश महतो,बिरसा उरांव, बयचा उरांव ,गोरा उरांव, दुखा उरांव अयोध्या महतो अलाउद्दीन, अंसारी अर्जुन प्रजापति, राम सिंगर महतो, बृजेश महतो, सावित्री लकड़ा सरस्वती भगत रामकिशन भगत, जंगला उरांव,सिल्ली से रामाकांत विश्कर्मा, सनातन महतो, विश्राम बेदिया सहित अन्य बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारियों ने एन ई होरो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए।

## पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन कर, किया गया दीक्षा, शिक्षा, उपनयन पुंसवन संस्कार



**संवाददाता**

**रांची:** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन व गायत्री शक्तिपीठ अल्कापुरी, रातू रोड के तत्वाधान में सिमलिया (नयाटोली) रांची में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। आयोजन में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया। जहां निःशुल्क दीक्षा, शिक्षा, उपनयन, पुंसवन नामकरण संस्कार करवाया गया। कार्यक्रम का समापन सांयकाल दीप महायज्ञ के माध्यम से किया गया। पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अल्कापुरी शक्तिपीठ के आचार्य श्री नीरज शर्मा जी ने किया। जिन्होंने गायत्री मंत्र तथा गायत्री माता की महिमा तथा उनकी शक्ति के बारे में जानकारी देते हुए साधना, उपासना और आराधना के बारे में उपस्थितजनों को विस्तार से समझाया। उन्होने गायत्री मंत्र को सभी मंत्रों का मदर मंत्र बताया । उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र का जाप सबसे पहले माता पार्वती ने उक्त मंत्र की शक्ति को जानकर भगवान शिव जी से चर्चा के उपरांत किया था। जहां भगवान शिव जी को माता पार्वती का गुरु के रूप में स्वयं बनाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण व वातावरण का परिशोधन करना है। ऐसे कार्यक्रम से आसपास के क्षेत्र के साथ वातावरण भी शुद्ध हो जाता है। इस अवसर पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की धर्मपत्नी समाजसेवी श्रीमती रूबी सिंह दीक्षा ग्रहण की। साथ हीं क्षेत्र के कई महिला, पुरुष, छात्र, छात्राएं तथा छोटे नन्हे बच्चे का दीक्षा, शिक्षा उपनयन पुंसवन तथा नामकरण संस्कार करवाया गया। वहीं मुख्य यजमान के रूप में राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह धर्मपत्नी समाजसेवी श्रीमती रूबी सिंह, बृजेश शर्मा धर्मपत्नी रिंकू देवी, अरुण साव धर्मपत्नी कौशल्या देवी, सुरेंद्र शर्मा धर्मपत्नी किरण देवी, राजेश गुप्ता धर्मपत्नी उषा देवी, पवन केसरी धर्मपत्नी राखी देवी शामिल रहे। मौके पर श्री संजय कुमार सिंह, संतोष वर्मा, मंजू देवी व गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्तागण के साथ क्षेत्र के सैकड़ो महिला, पुरुष एवम बच्चे उपस्थित रहे।

### चतरा के दर्जनों गांवों में मोबाइल नेटवर्क नहीं

# पेड़ों पर चढ़कर 'नेटवर्क' की करते हैं तलाश

**पहाड़ चढ़कर शिक्षक बनाते हैं अटेंडेंस, एंबुलेंस बुलाना भी मुश्किल**

210

**प्रवीण सिंह**

**चतरा:** एक वक्त था जब झारखंड के चतरा जिले का नाम आते ही जेहन में 'लाल आतंक' की खौफनाक तस्वीर उभरती थी। नक्सलवाद ने यहाँ के विकास की हर ईंट को सालों तक रोक कर रखा। लेकिन आज, जब बंदूकें खामोश हैं और नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है, तब भी चतरा के सुदूरवर्ती जंगलों तक विकास की किरण नहीं पहुँच पाई है। केंद्र सरकार का 'डिजिटल इंडिया' अभियान जहाँ देश को 5ऋ से जोड़ रहा है, वहीं चतरा के कुंदा, प्रतापपुर और लावालौंग प्रखंड के दर्जनों गांवों के लिए एक फोन कॉल करना आज भी किसी 'पहाड़ तोड़ने' जैसा दुष्कर कार्य है। यहाँ के बिरहोर, गंझू और भोक्ता समाज के लोग नेटवर्क पाने के लिए आज भी ऊंचे पेड़ों पर चढ़ते हैं। आखिर क्या वजह है कि तकनीक के इस स्वर्णिम युग में भी चतरा का एक बड़ा हिस्सा आदिम जीवन जीने को मजबूर है? देखिए यह विशेष रिपोर्ट। चतरा जिले का कुंदा प्रखंड, जहाँ के 78 गांवों में से करीब 30 गांव आज भी 'डिजिटल ब्लैकआउट' का शिकार हैं। बात करें प्रतापपुर प्रखंड की, तो यहाँ के 148 गांवों में से कुटिल, मरगड़ा, एकता और दारी जैसे गांवों में मोबाइल फोन



केवल एक 'खिलौना' बनकर रह गया है। वहीं, लावालौंग प्रखंड के 95 गांवों में से करीब 20 गांवों की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। यहाँ किसी रिश्तेदार से बात करनी हो या अस्पताल में एम्बुलेंस को फोन करना हो, ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर ऊंचे पेड़ों या दुर्गम पहाड़ों की चोटियों पर चढ़ना पड़ता है। आलम यह है कि मोबाइल से सिग्नल पाने के लिए लोग घंटों ऊंचाई पर खड़े रहकर हवा में फोन लहराते हैं। यह तस्वीर आज के आधुनिक भारत की उस बदहाली को उजागर करती है जहाँ तकनीक सिर्फ कागजों और विज्ञापनों तक सीमित है। स्थानीय ग्रामीण राजदेव कुमार कहते हैं कि नेटवर्क की यह समस्या सिर्फ आपसी बातचीत तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने शिक्षा व्यवस्था की कमर तोड़ दी है। प्रतापपुर के बामी गांव में स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय की कहानी सिस्टम की आँखें खोलने वाली है। यहाँ डिजिटल क्लास की सुविधा नेटवर्क के अभाव में पूरी तरह ठप पड़ी है। सबसे चौंकाने वाली बात सहायक शिक्षक शशि कुमार गुप्ता की जुबानी सुनिए। शिक्षक को अपनी ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करने के लिए स्कूल छुट्टी होने से 20 मिनट पहले ही स्कूल से निकलकर किसी ऊंचे पहाड़ पर जाना पड़ता है। अगर सिग्नल मिला तो हाजिरी बनी, वरना गुरुजी गैरहाजिर मान लिए जाते हैं। शशि कुमार गुप्ता सहायक शिक्षक, बामी स्कूल ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य व्यवस्था भी यहाँ भगवान भरोसे है। स्थानीय युवक पंकज कुमार और विकास कुमार गंझू बताते हैं कि गांव में जब कोई मेडिकल इमरजेंसी आती है, तो एम्बुलेंस को बुलाने के लिए भी पेड़ या पहाड़ों की शरण लेनी पड़ती है। विकास बताते हैं कि उन्होंने जब से होश संभाला है, तब से इसी समस्या को झेल रहे हैं। विडंबना देखिए, यहाँ बीएसएनएल के टॉवर तो खड़े हैं, लेकिन वे महज 'शोभा की वस्तु' बने हुए हैं। इस मामले पर जब हमने विभाग से जवाब मांगा, तो बीएसएनएल के एसडीओ बालगोविंद पासवान ने बताया कि जंगली इलाकों में केवल 700 बैंड लगा है, जबकि सिग्नल के लिए 2100 बैंड जरूरी है। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही हजारीबाग जीएम और बीएसएनएल अधिकारियों से मिलकर इस 'डिजिटल वनवास' को खत्म करने की कोशिश करेंगे। विधायक श्री पासवान ने कहा कि नक्सलवाद के साये से बाहर आने के बाद चतरा की जनता अब अपना हक मांग रही है। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन उन गुरुजी की पुकार सुनेगा जो हाजिरी के लिए पहाड़ चढ़ते हैं? क्या उन मरीजों को एम्बुलेंस समय पर मिल पाएगी जिनके परिजन पेड़ पर सिग्नल ढूंढते हैं? ये सवाल आज चतरा के हर ग्रामीण की जुबान पर है।

## सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई व सम्मान समारोह आयोजित



**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय दीभा के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को विद्यालय के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी एवं विद्यालय के प्रथम चालक गोपाल सिंह के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में विदाई सह सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया।कार्यक्रम में गोपाल सिंह के साथ उनकी धर्मपत्नी एवं पोतियों का भी सम्मान किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पलामू विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष मुकेश शाह तथा समिति सदस्य रंजीत अग्रवाल एवं उदय शंकर गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का परिचय कराया तथा सेवानिवृत्त हो रहे गोपाल सिंह के दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि गोपाल सिंह ने अपने धैर्य,साहस,कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित भाव से विद्यालय परिवार में एक विशेष स्थान बनाया है।इस अवसर पर विद्या मंदिर खंड के प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह, शिशु मंदिर खंड के प्रभारी अजय रजक, वाटिका खंड के प्रभारी शिवनंदन शर्मा, आचार्या ज्योति शरण, माला सिन्हा, रविप्रभा तथा सेविका सीमा दीदी ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।विद्यालय की ओर से गोपाल सिंह को उपहार स्वरूप ट्रॉली बैग, शॉल, छाता, घड़ी एवं उन्हें एवं उनके धर्मपत्नी को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# डिजिटल नारी, सशक्त नारी: वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में पापिया की प्रेरक पहल

संवाददाता



**रांची :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के दूरस्थ मुसाबनी ब्लॉक में, जहाँ कठिन भौगोलिक परिस्थितियाँ और सीमित बुनियादी ढाँचा अक्सर अवसरों तक पहुँच को बाधित करते हैं, पापिया शर्मा चुपचाप बदलाव की मिसाल बन रही हैं। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (खरछ्ढर) में कम्युनिटी और डिजिटल एंकर के रूप में, वे ग्रामीण महिलाओं, बैंकों और सरकारी तंत्र के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुकी हैं–जो पहुँच बढ़ाने, भरोसा कायम करने और आर्थिक संभावनाओं को सशक्त करने का कार्य कर रही हैं। पापिया का विवाह एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में हुआ था। शुरूआती संघर्षों ने उनके भीतर यह स्पष्ट विश्वास पैदा किया कि वित्तीय स्वतंत्रता के बिना न तो व्यक्तिगत प्रगति संभव है और न ही बच्चों का भविष्य सुरक्षित। यही सोच उनके सामुदायिक कार्य की प्रेरणा बनी। शुरूआत में, बुनियादी वित्तीय सेवाओं से जुड़ना भी महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण था। कई महिलाओं के पास बैंक खाते होने के बावजूद उनका उपयोग नहीं होता था–धोखाधड़ी के डर और योजनाओं व ऋणों की जानकारी के अभाव के कारण। पापिया ने लगातार प्रयासों से इस भरोसे की कमी को दूर किया–वे रोज महिलाओं से मिलतीं, उन्हें समझातीं और विश्वास बनाने के लिए अपने अनुभव साझा करतीं। गेट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित पहलों से प्रेरित बदलाव के साथ, पापिया की भूमिका एक मार्गदर्शक से आगे बढ़कर भरोसेमंद सहयोगी में बदल गई। आज 150 से अधिक महिलाएँ सक्रिय रूप से बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर रही हैं और सैकड़ों महिलाएँ नकद से डिजिटल लेनदेन की ओर बढ़ चुकी हैं। पापिया का कार्य वित्तीय समावेशन से कहीं आगे जाता है। वे महिलाओं को ऋण आवेदन, दस्तावेजीकरण और व्यवसाय योजना में सहायता देती हैं, साथ ही सोलर पंप और मशरूम खेती जैसे नवाचारों से परिचित कराती हैं। उनके प्रयासों से मशरूम खेती से जुड़ी लगभग 500 महिलाएँ डिजिटल भुगतान अपना चुकी हैं, जिससे उनकी आय अधिक सुरक्षित और पारदर्शी हुई है।

स्थानीय स्तर पर ह्लगाँव की गूगलह्व के नाम से जानी जाने वाली पापिया, सरकारी योजनाओं, बाजार तक पहुँच और उद्यम विस्तार से जुड़ी जानकारी का प्रमुख स्रोत हैं। वे धोखाधड़ी से बचाव में भी अहम भूमिका निभाती हैं, जहाँ महिलाएँ संदिग्ध कॉल का जवाब देने से पहले उनसे सलाह लेती हैं। जोगेश्वनी जैसी कहानियाँ उनके प्रभाव को दशार्ती हैं, जिन्होंने आत्मविश्वास की कमी से आगे बढ़कर 200 गायों वाला डेयरी व्यवसाय और एक किराना स्टोर स्थापित किया–जिसका संचालन पूरी तरह डिजिटल लेनदेन के माध्यम से होता है। पापिया की यह यात्रा ह्यडिजिटल नारी, सशक्त नारीह्व की भावना को साकार करती है, जहाँ वित्तीय साधनों तक पहुँच और स्थानीय नेतृत्व महिलाओं को न केवल अपने भविष्य को संवारने में सक्षम बनाता है, बल्कि पूरे समुदाय की प्रगति को भी गति देता है।

राजद नेता तेजस्वी यादव का स्वागत समारोह पांच को

# राजधानी रांची में भव्य स्वागत की तैयारी में जुटे राजद कार्यकर्ता



संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय जनता दल के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार झारखंड की राजधानी रांची आ रहे तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया जाएगा। उनके स्वागत के लिए 5 अप्रैल को एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। श्री यादव 4 अप्रैल की शाम को ही रांची पहुंच जाएंगे। स्वागत समारोह 5 अप्रैल को डिबडीह स्थित कार्निवल हॉल में आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने बताया कि जिले के 18 प्रखंडों से हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे। उनके स्वागत में झारखंड का पारंपरिक आदिवासी नृत्य, छऊ नृत्य के साथ ढोल नगाड़ा और गाजा बाजा की टीम भी शामिल रहेंगी। इस मौके पर शहर के प्रमुख चौक चौराहों को पार्टी का झंडा, बैनर, पोस्टर और होर्डिग से सजाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर ही कार्यकताओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है।



# 18 वां जूनियर एवं यूथ राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**रांची :** 18 वां राज्यस्तरीय बॉक्सिंग जूनियर बालक, बालिका एवं यूथ पुरुष, महिला बॉक्सिंग का आयोजन रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय गुरुनानक स्कूल पीपी कंपाउंड रांची में हुआ जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उत्तम सिंह अध्यक्ष झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं आनंद बिहारी दुबे सचिव झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन उपस्थित हुए।इस अवसर पर झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी,राजेश कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष सहित आयोजन समिति के विनय सिन्हा दीपू अध्यक्ष रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन, परमजीत सिंह कार्यकारी अध्यक्ष रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन विशिष्ट अतिथि ज्योति सिंह मथारु उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग एवं गुलाम जावेद कोषाध्यक्ष रांची जिला उपस्थित थे इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के पुरूष और महिला 172 बॉक्सर अपना दमखम दिखा रहे है।परिणाम कल आएगा।कल दिनांक 1 अप्रैल को संध्या 4:30 बजे समापन होगा।

सीयूजे में चीनी प्रतिनिधिमंडल का दौरा, सांस्कृतिक संवाद और शैक्षणिक सहयोग को मिली नई दिशा

# भारत और चीन के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया

**रांची :** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में अंतरराष्ट्रीय सहयोग का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला, जब चीन से आए तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सुदूर पूर्व भाषा विभाग (चीनी) का दौरा किया। इस अवसर ने न केवल परिसर को उत्साह से भर दिया, बल्कि भारत और चीन के बीच सांस्कृतिक संवाद और शैक्षणिक साझेदारी को भी नई दिशा प्रदान की।

प्रतिनिधिमंडल के स्वागत में छात्रों ने पारंपरिक भारतीय रीति-रिवाजों के साथ रंगोली, पुष्पगुच्छ और पारंपरिक वेशभूषा के जरिए आत्मीय माहौल तैयार किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सारंग मेढ़ेकर, डीन प्रो. अर्चना, रजिस्ट्रार के. कोसला राव, परीक्षा नियंत्रक बी. बी. मिश्रा और डीन अकादमिक मामलों के प्रो. मनोज कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में विभाग के संकाय सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

औपचारिक सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सारंग मेढ़ेकर ने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संवाद छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और उन्हें विभिन्न संस्कृतियों को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने भविष्य में चीनी विश्वविद्यालयों के साथ छात्र-शिक्षक विनिमय और संयुक्त शोध की संभावनाओं पर भी जोर दिया।

डीन प्रो. अर्चना ने भाषा को सांस्कृतिक सेतु बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। रजिस्ट्रार के. कोसला राव ने विश्वविद्यालय की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई, वहीं परीक्षा नियंत्रक बी. बी. मिश्रा ने इसे छात्रों के आत्मविश्वास और बौद्धिक विकास के लिए उपयोगी बताया।

चीनी प्रतिनिधि जू वेई ने अपने संबोधन में भारत और चीन की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए दोनों देशों के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को चीनी भाषा और संस्कृति के अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसमें चीनी सुलेख, पारंपरिक कला, परिधान और छात्रों की रचनात्मक परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं। इसके साथ ही फूड फेस्ट में चीनी व्यंजनों की विविधता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति कार्यालय में विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ बैठक कर भविष्य में शैक्षणिक सहयोग, शोध परियोजनाओं और एक्सचेंज प्रोग्राम्स पर चर्चा की। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने भारतीय और चीनी परंपराओं पर आधारित नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

यह दौरा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक सौहार्द, आपसी समझ और वैश्विक सहयोग का प्रतीक बनकर उभरा। इससे विश्वविद्यालय के छात्रों को नए अवसर प्राप्त होंगे और संस्थान की अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी मजबूती मिलेगी।

# झारखंड रिवाइवल फेस्टिवल की सफलता पर हुई समीक्षा

**रांची :** बिशप काउंसिल की बैठक मंगलवार को शालोम मिनिस्ट्री चर्च कोकर में हुई। इस दौरान पिछले दिनों 18-19 मार्च को प्रभात तारा मैदान में हुई झारखंड रिवाइवल फेस्टिवल की सफलता पूर्ण आयोजन संपन्न होने पर चर्चा की गई। इस प्रेम का संदेश में वक्ता के रूप में पंजाब से आए प्रेरित अंकुर नरूला शामिल हुए थे।। समीक्षा बैठक में सभी वोलेंटियर युवाओं को बधाई दी गई। इसी क्रम में आयोजन समिति में शामिल बिशप, पास्टर गण को सम्मिनित किया गया। साथ ही ऑल इंडिया क्रिश्चन मोनिरिटी फ्रंट के द्वारा भी बिशप काउंसिल को स्मृति चिन्ह दिया गया। मौके पर बिशप अनिल रेवेन, एमएम पांडा, सुरेश सांगा, जयवंत तिर्की, फूलचंद महतो, थॉमस मुंडू, साइमन तिग्गा, रेव यूसुफ दास के अलावा फ्रंट के अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंशु लकड़ा, सचिव कुमिदनी प्रभावती मिंज, जैस्मिन कच्छप सहित अन्य मौजूद थे।

# लूटकांड के 10 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची:** राजधानी रांची में हाल ही के समय में 5 अलग अलग थाना क्षेत्र में लूट के घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें मुख्य रूप से पेट्रोल पंप को रात के अंधेरे में निशाना बनाया गया था। नतीजा यह हुआ था कि इस लूट के घटना में एक पेट्रोल पंप से 2 लाख तो कही 58 हजार रुपए की लूट की गई थी। इस मामले की जांच करते हुए रांची पुलिस ने घटना में शामिल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। हालांकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रांची पुलिस फिलहाल छापेमारी कर रही है।

**पहचान छुपाने के लिए ह्यजाली नंबर प्लेटह्व का सहारा :** लेकिन देखा जाए तो रांची पुलिस जब मामले की जांच कर रही थी, तब पुलिस को बाइक की जानकारी जुटाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों ने घटना को अंजाम देने और अपनी पहचान छुपाने के लिए बाइक में जाली नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया था, ताकि उनकी पहचान गोपनीय रहे और वे बड़े ही आसानी से घटना को अंजाम दे सके। अब चुकी इस मामले का खुलासा हो गया है। तो रांची पुलिस इस घटना को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति में जुट गई है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि रांची के ररढ राकेश रंजन ने पुलिस को निर्देश दिया है कि रांची के अलग अलग थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जाए। इस अभियान का उद्देश केवल ये होगा कि जिस किसी भी व्यक्ति के द्वारा नंबर प्लेट का गलत इस्तेमाल किया जाए, उस पर ऑन द स्पॉट कार्रवाई पुलिस के द्वारा की जाएगी।

# डीएवी नंदराज में नन्हें कदमों की पहली उड़ान



संवाददाता

**रांची :** डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल बरियातू में शिशु वर्ग के बच्चों को अभिभावकों के साथ बुलाया गया। सबसे पहले अभिभावकों ने प्रातः कालीन यज्ञशाला में अपने बच्चों के साथ यज्ञ किया। यज्ञ में उन्हें बताया गया कि अभिभावकों को यह तय करना है कि उन्हें अमेरिका,रूस आदि में जाकर कमाने वाला, वहीं बस जाने वाला बेटा- बेटी चाहिए या माता -पिता ,दादा -दादी इत्यादि की सेवा करने वाला ,राष्ट्र की सेवा करने वाला संतान चाहिए। फिर उसी तरह ट्रेनिंग देना होगा । आप अपने बच्चों को सवेरे कहीं जाते समय और शाम में सोते समय नमस्ते करके सोने की आदत डालें । आज यज्ञ में अभिभावकों ने परमात्मा से अपने बच्चों के लिए आयु, विद्या, यश और बल को मांगा। इसके बाद बच्चों का कार्यक्रम गूंज में रखा गया ।जब बच्चे यज्ञशाला से जा रहे थे उस समय बीच में ही म्यूजिक रूम में कुछ छोटे - छोटे बच्चे गिटार आदि बजा रहे थे । गूंज में बच्चों और अभिभावकों को विद्यालय के विभिन्न क्रिया -कलापों के बारे में शिक्षकों ने जानकारी दिया। विशेष रूप से स्कील्ड विषयों के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही शिशु वर्ग के छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को बताया गया कि

अपने बच्चे की स्कूल डायरी में सभी विवरण भरें। पहले पृष्ठ पर स्कूल यूनिफॉर्म में पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएँ तथा डायरी के अंतिम दो पीले पृष्ठों को पूर्ण करें और इसे कक्षा शिक्षिका को जमा करें। एस्कॉर्ट कार्ड फॉर्म सावधानीपूर्वक भरकर जमा करें। इसमें माता-पिता/अभिभावक के चार रंगीन स्टाम्प साइज फोटो तथा बच्चे का एक स्कूल यूनिफॉर्म में फोटो संलग्न करना आवश्यक है। अवकाश (डिस्पर्सल) के समय एस्कॉर्ट कार्ड लाना अनिवार्य है। स्कूल के प्रथम दिन सभी पुस्तक, कॉपियाँ एवं डायरी साथ भेजें। समय-सारिणी का पालन करें। प्रतिदिन अपने बच्चे की डायरी एवं कक्षा-कार्य की कॉपियों की जाँच कर हस्ताक्षर अवश्य करें। यदि आपका बच्चा किसी दिन अनुपस्थित रहता है, तो कृपया उसका कारण स्कूल डायरी के रिमार्क्स पृष्ठ पर लिखें। यदि अनुपस्थिति तीन दिनों से अधिक हो, तो वर्ग शिक्षिका को आवेदन पत्र अवश्य दें।

सीआईएल अंतर कंपनी बैडमिंटन प्रतियोगिता में सीसीएल टीम का शानदार प्रदर्शन

# विभिन्नवर्गों में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धियां

## निदेशक(वित्त)व निदेशक (मानव संसाधन) ने खिलाड़ियों को दी बधाई, किया उत्साहवर्धन

संवाददाता

**रांची :** सीसीएल की टीम ने सीआईएल अंतर कंपनी बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कंपनी का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं की घोषणा 28 मार्च को की गई, प्रतियोगिता में सीसीएल की महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। महिला टीम की खिलाड़ियों में पूजा ठाकुर, संयमी निधि, मंजू देवी एवं मालती कुमारी शामिल रहीं, जिन्होंने पूरे टूनामेंट के दौरान उत्कृष्ट समन्वय एवं खेल कौशल का परिचय दिया।

व्यक्तिगतस्पधाओं में भी सीसीएल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। संयमी निधि ने महिला ओपन सिंगल्स वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि वेटरन पुरुष ओपन सिंगल्स वर्ग में अविनाश कुमार तिवारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इन उपलब्धियों से यह स्पष्ट होता है कि सीसीएल के खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर हैं।

सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा तथा निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने खिलाड़ियों से भेंटकर उन्हें जीत की बधाई दी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन अपने कर्मचारियों को खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए निरंतर प्रेरित करता है, ताकि कर्मचारियों का बहुआयामी विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते हुए सीसीएल का नाम और अधिक ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया।

सीसीएल प्रबंधन कर्मचारियों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और खेल गतिविधियों को स्वस्थ कार्य-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानता है। सीसीएल टीम की इस उपलब्धि पर कंपनी परिवार में हर्ष का माहौल है तथा सभी ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

# अंजुमन चुनाव संकट में: चुनाव कन्वीनर का इस्तीफा, 12 अप्रैल के मतदान पर सस्पेंस गहराया

**रांची:** आगामी 12 अप्रैल को प्रस्तावित अंजुमन चुनाव को लेकर अनिश्चितता का माहौल बन गया है। चुनाव प्रक्रिया के बीच कन्वीनर के अचानक इस्तीफे ने पूरे मामले को और उलझा दिया है, जिससे समय पर मतदान होने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।सोशल मिडिया पर भी इस्तीफा की बात गरदीश कर रही है ।चुनाव संयोजक ने भी इस्तीफा देने की बात कही है। मगर मिडिया कर्मी को इस्तिफा की कापी नहीं दि गई है। न ही चुनाव कार्यालय के नोटिस बोर्ड में हि चिपकाया गया ।

सूत्रों के अनुसार, 28 मार्च से 30 मार्च तक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। हालांकि नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया नहीं हो सकी, क्योंकि पूरे दिन संबंधित कार्यालय में ताला लटका रहा। आज नामांकन वापिसी की तारीख है। अब तक उम्मीदवारों की सुची जारी नहीं किया गया है इस स्थिति ने चुनावी पारदर्शिता और व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। कन्वीनर के इस्तीफे की पुष्टि अभी तक संघटन के पदाधिकारियों ने नहीं की है। जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। वहीं, अंजुमन के सेक्रेटरी का कहना है कि उन्हें अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। चुनाव से ठीक पहले सामने आई इस अंदरूनी खींचतान और प्रशासनिक असमंजस ने मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि क्या तय समय पर चुनाव संपन्न हो पाएगा या इसमें बदलाव किया जाएगा। अंजुमन के सदस्यों और संबंधित पक्षों से मांग की जा रही है कि वे जल्द से जल्द स्थिति स्पष्ट करें, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रहे ।

भारतीय शिक्षण मंडल का 57वां स्थापना दिवस: 'आधुनिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय शिक्षा' पर मंथन

# भारतीय शिक्षा प्रणाली की गौरवशाली परंपरा रही है : डॉ रणजीत



**रांची।** आरटीसी बीएड कॉलेज, बूटी में मंगलवार को भारतीय शिक्षण मंडल के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर ह्लआधुनिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय शिक्षाह्व विषय पर भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्येय श्लोक और ध्येय वाक्य के वाचन के साथ हुआ, जिसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत उद्घाटन किया। स्वागत संबोधन डॉ. एन.के. मिश्रा ने प्रस्तुत किया।

प्रांत मंत्री डॉ. सुबास साहु ने विषय प्रवेश कराते हुए भारतीय शिक्षण मंडल के इतिहास, उपलब्धियों और शिक्षा के क्षेत्र में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों की स्थापना और राष्ट्रभाव जागृत करना है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

मुख्य वक्ता एवं प्रांत अध्यक्ष डॉ. रणजीत मिश्रा ने भारतीय शिक्षा प्रणाली की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए इसे पुनर्स्थापित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्या डॉ. रिचा पदमा ने मूल्य आधारित शिक्षा और नई पीढ़ी के अनुरूप शिक्षण पद्धति अपनाने की आवश्यकता बताई।

मुख्य अतिथि डॉ. रुद्रनारायण महतो ने दूरभाष के माध्यम से भारतीय दृष्टिकोण आधारित शिक्षा प्रणाली को अपनाने पर बल दिया और स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रिया पांडेय ने किया। इस अवसर पर शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्रबुद्धजनों सहित लगभग 150 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र, राष्ट्रगान और वंदे मातरम् के साथ किया गया।

# संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची :** राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त समेत कई अहम संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को गंभीरता से लिया.

**सरकार ने दिया आश्वासन :** सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सूचना आयुक्त और लोकायुक्त की नियुक्ति से जुड़ी अधिसूचना 7 अप्रैल से पहले जारी कर दी जाएगी. इस पर कोर्ट ने सरकार के रुख पर ध्यान देते हुए आगे की प्रक्रिया पर नजर बनाए रखने की बात कही. दरअसल, राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और राज्य सूचना आयोग में कई महत्वपूर्ण पद पिछले कई वर्षों से खाली पड़े हैं. इससे इन संस्थाओं के कामकाज पर असर पड़ रहा है और जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

**हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी :** हाईकोर्ट ने इन पदों पर लंबे समय से नियुक्ति नहीं होने पर नाराजगी जताई और सरकार को जल्द से जल्द रिक्तियों को भरने का निर्देश दिया. कोर्ट ने साफ किया कि संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है. मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पक्ष रखते हुए कहा कि इन अहम पदों के खाली रहने से प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही प्रभावित हो रही है, इसलिए जल्द नियुक्ति जरूरी है.

# सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

**रांची।** सीसीएल में मंगलवार को विदाई समारोह हुआ। मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले 5 कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सेवानिवृत्त कर्मियों को भी उनके अपने क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से ससम्मान विदा किया गया। कुल 99 कर्मियों को विदाई दी गई। मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों में शशांक शेखर झा, महाप्रबंधक (सिविल), राज कुमार, महाप्रबंधक (खनन), बिजॉय रॉय, वरिष्ठ निजी सहायक, अब्दुल जबार अंसारी, पंप ऑपरेटर, सिविल (मेंटेनेंस) और श्याने सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी।

# आश्रम में दिव्यांग,मंदबुद्धि निराश्रितों की सेवा एवं कराया गया भोजन

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में मंगलवार को मनोरंजन कुमार एवं विधु जी एवं उनके परिवार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 45 दिव्यांग निराश्रितों एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच विभिन्न व्यंजनों के साथ अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का विधिवत आश्रम के किचन में भोजन बनवाकर भोजन खिलाया गया।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## हिंसा से व्याकुल दुनिया को महावीर का मार्गदर्शन

अहिंसा परमो धर्मः का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्त्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है। ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है।

भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदायी है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है।

उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए ह्यजीओ और जीने दोह्ल का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वतः समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दुःख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करता है।

उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है।

उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है। आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवेदनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुनः जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है।

आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है। यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।

# विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान बनेगा जेवर एयरपोर्ट

**यहां से पहली उड़ान उत्तर प्रदेश सरकार के विमान ने भरी, जिसमें प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यात्री बने। इस एयरपोर्ट से चार सप्ताह बाद यात्रियों के लिए नियमित उड़ानें प्रारंभ हो जाएंगी। नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना का प्रस्ताव 2001 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री व वर्तमान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रखा था किंतु निहित राजनीतिक कारणों से यह अधर में लटका रहा।**

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व विकास योजनाओं के लोकार्पण की लहर चल रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) राष्ट्र को समर्पित किया। यह एयरपोर्ट आधुनिकतम सुविधाओं का अद्भुत संगम होगा। यहां से पहली उड़ान उत्तर प्रदेश सरकार के विमान ने भरी, जिसमें प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यात्री बने। इस एयरपोर्ट से चार सप्ताह बाद यात्रियों के लिए नियमित उड़ानें प्रारंभ हो जाएंगी। नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना का प्रस्ताव 2001 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री व वर्तमान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रखा था किंतु निहित राजनीतिक कारणों से यह अधर में लटका रहा। इस प्रकार इस परियोजना के प्रथम चरण के ही पूर्ण होने में 25 वर्ष लग गए, जिस कारण उत्तर प्रदेश के साथ साथ दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र का विकास भी अटका रहा। जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट के साथ ही विकसित यूपी और विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। यूपी अब देश के सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक हो गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के पूर्व ही केंद्र सरकार ने उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी प्रदान की है जिसके अंतर्गत 100 नए एयरपोर्ट व 200 नये हेलीपैड बनेंगे जिसके लिए 29,000 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये हैं। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का सपना है कि हवाई चप्पल वाले भी हवाई यात्रा का सुगम आनंद ले सकें और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उड़ान 1.0 योजना में 1.6 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की है।प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए सबका प्रयास जरूरी है इस परियोजना के लिए किसानों ने भी अपनी जमीन दी है।आधुनिक कनेक्टिविटी का जो विस्तार हो रहा है उसे पश्चिम यूपी में फूड प्रोसेसिंग को बल मिलेगा और यहां के कृषि उत्पाद दुनिया के बाजारों में और बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगे।

जेवर एयरपोर्ट की अहम विशेषताएः जेवर एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा तथा प्रथम चरण में ही यह 1.2 करोड़ यात्रियों को एक रन-वे से सेवा प्रदान करने की क्षमता रखता है। यह देश का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट होगा जो सौर ऊर्जा का उपयोग करेगा और कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा। इस एयरपोर्ट में आगामी चरणों में 5 रन-वे का निर्माण होने के बाद यात्री क्षमता बढ़कर 22.5 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष हो जाएगी। यह एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजी यात्रा ऐप के माध्यम से चलेगा।

एयरपोर्ट में आईएलएस कैट -3 सिस्टम है जिससे घने कोहरे में भी विमान आसानी से उतर सकेंगे। इस एयरपोर्ट में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है जिसमें यात्रियों के लिए डिजी लॉकर आधारित बायोमैट्रिक चेक इन फेस स्कैन से प्रवेश और एआई आधारित सुरक्षा होगी। यहां 3900 मीटर लंबा रन-वे होगा जो बड़े विमानों का संचालन कर सकेगा। यह यमुना एक्सप्रेस वे से सीधा जुड़ा है और इसे मेट्रो रेल और प्रस्तावित रैपिड रेल से जोड़ने की योजना है। यहां यात्रियों के लिए प्रवेश से लेकर बोर्डिंग गेट तक पहुंचने की प्रक्रिया बहुत तेज होगी जो लगभग 20 मिनट में पूरी हो सकती है। यहां पर 30 एकड़ में कार्गो टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है जिस पर 800 करोड़ रुपये की लागत आई है तथा 48 चेक इन प्वाइंट बनाए गए हैं। यहां की मल्टीमाइल कार्गो सुविधा की क्षमता आरम्भ में 2.5 लाख मीटिक टन माल की ढुलाई की है ,जिसे बढ़ाकर 18 लाख मीट्रिक टन किया जा सकता है। यहां पर 57 एक-ड़ में 700 करोड़ की लागत से वेयर हाउस एवं लॉजिस्टिक सुविधा विकसित की गई है। इस एयरपोर्ट के प्रथम चरण के निर्माण में 11200 करोड़ की लागत आई है। इस एयरपोर्ट के निर्माण व संचालन के बाद दिल्ली- एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश (ग्वालियर - मुरैना), राजस्थान ( धौलपर -भरतपुर) के हिस्सों को मिलाकर करीब सात करोड़ आबादी को सीधा लाभ मिलने जा रहा है। इस एयरपोर्ट के कारण जेवर एयरोट्रोपोलिस सिटी के रूप में चमकेगा। गौतमबुद्ध नगर और आसापास के जिलों के बीच क्षेत्रीय जुड़ाव और विकास होगा। इनके उत्पाद और सेवाओ के समक्ष आने वाली चुनौतियां भी कम होंगी। यह एयरपोर्ट पूर्ण हो जाने के बाद शहर में तमाम होटल व कार्यालय, शापिंग मॉल, लॉजिस्टिक हब आदि का निर्माण भी तीव्र गति से होने जा रहा है। शहर भर में अगली पीढ़ी वाली सुविधाएं विकसित होंगी। यह एयरपोर्ट केवल रन-वे नहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने का आधार बनेगा। यह एयरपोर्ट प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा क्योंकि यह उत्तर भारत के विदेश व्यापार व औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई तक पहुंचाते हुए व्यापक रोजगार का भी सृजन करेगा। यह एयरपोर्ट पश्चिमी यूपी के किसानों, छोटे और लघु उद्योगों युवाओं के लिए भी नए अवसर लेकर आने वाला है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मोदी पर व्यक्तिगत प्रहार टिकेगा नहीं!

**एक तरफ उन्हें कमजोर प्रधानमंत्री ठहराने का एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है, तो दूसरी तरफ उनके व्यक्तित्व और आचरण को ही तार-तार करने का षड्यंत्र रचा रहा है। वैसे ही जैसे 2013 में कोबरापोस्ट और गुलेल द्वारा किसी नारी की निजता भंग करने के आरोप के सहारे मोदी की छवि बिगाड़ने का एक प्रयास किया गया था।**

**विक्रम उपाध्याय**

जब पूरी दुनिया अपने अस्तित्व पर चुनौती महसूस कर बचाव के लिए संघर्ष करने में लगी है, तो भारत में अस्तित्वहीन पड़ा विपक्ष अपने लिए इस संकट की घड़ी को सत्ता में लौटने का एक अवसर मान रहा है। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग में जब हर देश में राजनीतिक रूप से पक्ष विपक्ष एक टेबल पर बैठ कर चुनौतियों से पार पाने का दम भर रहा है, तो भारत में विपक्ष और विरोधियों की ओर से सरकार के मुखिया पर सबसे भीषण प्रहार किया जा रहा है, केवल नीतिगत ही नहीं, व्यतिगत रूप से भी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमा और विश्वसनीयता को चोट पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

एक तरफ उन्हें कमजोर प्रधानमंत्री ठहराने का एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है, तो दूसरी तरफ उनके व्यक्तित्व और आचरण को ही तार-तार करने का षड्यंत्र रचा रहा है। वैसे ही जैसे 2013 में कोबरापोस्ट और गुलेल द्वारा किसी नारी की निजता भंग करने के आरोप के सहारे मोदी की छवि बिगाड़ने का एक प्रयास किया गया था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी बिना विचलित हुए ईरान और अरब दोनों के साथ अद्भुत सामंजस्य बिठाते हुए, केवल भारतीयों की सुरक्षा और देश की ऊर्जा संरक्षता के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं।

विपक्ष के कुछ बड़े नेता पहले भी कुछ विदेशी ताकतों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ निजता भंग करने के आरोप लगाते रहे हैं, उनमें ही एक आरोप प्रयास पेगासस स्पाइवेयर के इस्तेमाल के जरिए जासूसी करने का भी रहा, मामला उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) तक गया। वहां विरोधियों की दाल नहीं गली, और वे झटका खा कर लौट आए। वर्तमान सरकार के मुखिया विपक्ष के नेताओं से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, यह बात आम लोगों को भी हास्यास्पद लगी।

विपक्ष में इस समय कोई ऐसा नेता नहीं है, जो प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत छवि पर दाग लगाने और जनता में उसकी विश्वसनीयता स्थापित करने का माद्दा रखता है। कारण केवल यह नहीं कि विपक्ष के किसी नेता की इतनी हैसियत नहीं है एक राजनीतिज्ञ के नाते नरेन्द्र मोदी द्वारा स्थापित अपने सार्वजनिक जीवन के मानदंड पर उंगली उठा सके, बल्कि मोदी की जीवनशैली ऐसी रही है, कि वहां किसी तरह की कोई शंका की गुंजाइश ही नहीं बनती है।

मोदी जब सत्ता की राजनीति के नायक बने तब उम्र की 50 वीं दहलीज पार कर चुके थे। उसके पहले वे या तो संघ के काम में देश भर के संघ कार्यालयों में रहे या फिर भाजपा की व्यवस्था में। निजी जिंदगी और निजता के संरक्षण का कोई विकल्प भी अपने लिए नहीं चुना। मीडिया में भी सुब्रमण्यम स्वामी को छोड़कर किसी और राजनीतिज्ञ ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अनर्गल टिप्पणी नहीं की। स्वामी ने तो अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में भी कई ऐसी टिप्पणियां की हैं और इसके कारण ही उन्होंने एक गंभीर राजनेता की पहचान खो दी है।

प्रधानमंत्री मोदी लगभग 25 वर्षों से विपक्ष के लिए एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। काम के मामले में कोई उन्हें चुनौती दे नहीं पा रहा है। राजनीति के मैदान में वे विपक्ष की पकड़ से बहुत आगे निकल गए हैं। इसीलिए विरोधी राजनतिक पार्टियां जनता में मोदी के प्रति बनी धारणा को ही कमजोर करने की जरूरत शिद्दत के साथ महसूस कर रही हैं। कांग्रेस का नेतृत्व चुनावी मुकाबले में कमजोर और अक्षम सिद्ध हो चुका है। प्रधानमंत्री के साथ विकास के मुद्दे पर कांग्रेस बहस से भी बचती है। जनता से किये हर वादे पर भी मोदी खरे उतरते हैं। हर भारतीय को मोदी सरकार के कारण अपने अपने जीवन में कोई ठोस सुधार दिखाई देता है। 12 साल के केंद्र में शासन में किसी भ्रष्टाचार या घोटाला का नाम तक नहीं आया। इसलिए ही मोदी की व्यक्तिगत छवि पर लगातार हमले की रणनीति पर विपक्ष अब काम कर रहा है और मोदी के जीवन के कुछ पहलुओं को बुरा दिखाने का प्रयास कर रहा है, ताकि लोगों के मन में कुछ सवाल पैदा कर सके। पर वे शायद भूल रहे हैं कि उनके इस बचकाने रवैये से उनकी थोड़ी-बहुत साख जो बची है उसे भी गंवा बैठेंगे।

कांग्रेस के रणनीतिकारों ने देश-विदेश के अपने सलाहकारों से मंत्रणा करने के बाद शायद यह तय कर लिया है कि मोदी को कमजोर करने के लिए एंटी परसेप्शन मैनेजमेंट पर ही सारा जोर देना होगा और सोशल मीडिया के जरिए उनकी व्यक्तिगत छवि पर आघात करना होगा। कांग्रेस के लिए यह रणनीति कितना काम करेगी यह तो आने वाला ही समय बताएगा, लेकिन ग्रामीण मतदाताओं के बीच इस मुकाबले को ले जाने की चुनौती बहुत बड़ी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीणों को आर्थिक सहायता देने के मामले में कांग्रेस से बहुत ज्यादा बेहतर तरीके से काम किया है और प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता इसी से सबसे ज्यादा स्थापित भी हुई है। वहां भाजपा की छवि धूमिल करना कांग्रेस के लिए टेढ़ी खीर साबित होगी।

कांग्रेस के अपने पास मोदी पर व्यक्तिगत लांछन लगाने वाले विश्वसनीय चेहरे भी नहीं हैं, क्योंकि महिलाओं के प्रति कांग्रेस नेताओं के दुर्व्यवहार और जहरीले बोल की एक लंबी फेहरिस्त है। पीछे की छोड़िए वर्तमान के ही कई कांग्रेसी नेता महिलाओं के मान मर्दन के आरोपी हैं। नाम लीजिए राहुल गांधी के करीबी रणदीप सुरजेवाला का, उन्होंने भाजपा सांसद हेमा मालिनी के राजनीतिक योगदान पर अभद्र टिप्पणी की थी। नाम लीजिए कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत का, उन्होंने 2024 के आम चुनाव के दौरान हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत का भाव पूछ लिया था। कर्नाटक के एक कांग्रेस नेता ने महिलाओं को घर पर खाना बनाने तक ही रखने की सलाह दे डाली थी। बंगाल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भी नहीं बख्शा, उन्हें राष्ट्रपत्नी बना डाला। कांग्रेस की एक पूर्व नेता चेरियन फिलिप ने तो यहां तक कह दिया था कि कांग्रेस के टिकट यौन लाभ के बदले भी दिए जाते थे।

अब मधु किश्वर के सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के बारे में एक सनसनी रिपोर्ट प्रकाशित किये जाने पर विपक्ष के नेता फूले नहीं समा रहे हैं। कांग्रेस महिला मोर्चा की नेता अलका लांबा हों या तृणमूल कांग्रेस की मोईया मित्रा सबने अपने-अपने तरीके से मोदी के बारे में भ्रामक जानकारी फैलाने का सिलसिला शुरू कर दिया। अब मीडिया वाले ही बता रहे हैं कि मधु किश्वर पहले भी कई गलत या भ्रामक पोस्ट कर चुकी हैं। जाहिर है कांग्रेस का उद्देश्य बिना किसी पूर्ण शोध के जंगल की आग की तरह भ्रम फैलाना है। कांग्रेस पहले भी ब्लैक लाइव्स मैटर की तरह देश में जाति आधारित आंदोलन को, काले कानून के नाम पर किसानों के आंदोलन को और कोविड के दौरान एंटी-लॉकडाउन प्रोटेस्ट को हवा देकर प्रधानमंत्री मोदी को कमजोर करने की कोशिश कर चुकी है। यह बात अलग है कि इसमें वह विफल रही।

दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के अनुशासन की कायल है। उनके बारे में यह लोगों को पता है कि वे शायद अकेले नेता हैं जो खरी-खरी कहने और किसी की भी अक्षमता पर उसकी आलोचना करने से नहीं हिचकते। उनका सीधा सिद्धांत है -काम करो नहीं तो बाहर निकलो। वे समय के बहुत पाबंद और बहुत व्यवस्थित नेता हैं। उनमें औरों की तरह अमीर बनने का जुनून नहीं है। वह मीडिया को भी खुश करने की कोशिश नहीं करते। वह बहुत कम लोगों पर भरोसा करते हैं। उनके करीबी साथियों की भी संख्या कम है। इसलिए उनके राजदार भी कम है। उनकी मं के अलावा उनके किसी दोस्त या रिश्तेदार को प्रधानमंत्री आवास में नहीं देखा गया, इसलिए मोदी पर व्यक्तिगत लांछन लगाना और उसे सिद्ध करना संभव नहीं है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# युगों-युगों तक मार्गदर्शन करती रहेगी भगवान महावीर की अमृतवाणी

अहिंसा परमो धर्मःह्ल का अमर संदेश देने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन आज के अशांत, तनावग्रस्त और संघर्षपूर्ण समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। आधुनिक युग में मनुष्य प्रगति की अंधी दौड़ में नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। स्वार्थ, लोभ और प्रतिस्पर्धा ने उसे इस हद तक प्रभावित कर दिया है कि वह अपने हित के लिए हिंसा और अनैतिकता को भी उचित ठहराने लगा है। ऐसे समय में महावीर स्वामी का अहिंसा, संयम और करुणा पर आधारित दर्शन मानवता को एक नई दिशा देता है और उसे आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है।



भगवान महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक जीव समान है और हर प्राणी में आत्मा का वास है। उन्होंने ह्यजीओ और जीने दोह्ल का जो सिद्धांत दिया, वह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने व्यवहार और आचरण में ऐसी संवेदनशीलता विकसित करें, जिससे किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचे। उनका यह विचार कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि तक में जीवन है, आज के पर्यावरणीय संकट के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। जब पृथ्वी प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के संकट से जूझ रही है, तब महावीर का यह संदेश हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान करता है। महावीर स्वामी ने कर्म के सिद्धांत को भी अत्यंत स्पष्टता से समझाया। उनका मानना था कि मनुष्य स्वयं अपने कर्मों के लिए जिम्मेदार है और वही उसके भविष्य का निर्धारण करते हैं। कोई भी व्यक्ति अपने कर्मों से बच नहीं सकता। जो जैसा करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है। यह सिद्धांत न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मनुष्य को उत्तरदायित्व और सजगता का बोध कराता है। उन्होंने यह भी सिखाया कि धर्म बाहरी आडंबरों में नहीं बल्कि आत्मा की पवित्रता में निहित है। अहिंसा, सत्य, संयम और तप ही धर्म के वास्तविक लक्षण हैं। क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे दोष मनुष्य के सभी गुणों का नाश कर देते हैं। इसलिए जो व्यक्ति अपने जीवन में शांति और संतुलन चाहता है, उसे इन विकारों का त्याग करना चाहिए। महावीर का यह संदेश आज के तनावपूर्ण जीवन में अत्यंत उपयोगी है, जहां मानसिक अशांति और असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है।

महावीर स्वामी ने समानता और मानवता का भी अद्वितीय संदेश दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यदि कोई उच्च कुल में जन्म लेकर भी बुरे कर्म करता है तो वह श्रेष्ठ नहीं हो सकता जबकि निम्न कुल में जन्म लेने वाला व्यक्ति यदि सदाचार और सद्विचार अपनाता है तो वह सम्मान का अधिकारी है। यह विचार सामाजिक समरसता और समानता की नींव को मजबूत करता है। उनकी दृष्टि में सेवा भी सर्वोच्च धर्म है। रोगियों और जरूरतमंदों की सेवा को उन्होंने ईश्वर की सेवा से भी बढ़कर बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों समान रूप से मुक्ति के अधिकारी हैं, जो उनके प्रगतिशील और समतामूलक विचारों को दशार्ता है। आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता और नैतिक पतन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भगवान महावीर की अमृतवाणी हमें आत्मशुद्धि, सह-अस्तित्व और शांति का मार्ग दिखाती है। यदि हम उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में संतुलन और शांति स्थापित हो सकती है बल्कि समाज में भी सद्भाव, करुणा और अहिंसा की स्थापना संभव है। यही महावीर स्वामी के संदेश की वास्तविक सार्थकता है, जो युगों-युगों तक मानवता का मार्गदर्शन करती रहेगी।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एक प्रमुख स्वैच्छिक मानवतावादी संस्था है : उपयुक्त

संवाददाता

साहिबगंजः जिला सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर बुधवार को आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम मैं उपयुक्त हेमंत सती , सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान और डीएस डॉ देवेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें अभी तक 15 होमगार्ड का रजिस्ट्रेशन हो चुका है जिसमें पांच जवान का रक्तदान का प्रक्रिया हो शुरू है।जिला उपायुक्त हेमंत सती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एक प्रमुख स्वैच्छिक मानवतावादी संस्था है।जो आपदाओं युद्ध और आपात कालीन स्थितियों में राहत कार्य करती है और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। 1920 में स्थापित यह संस्था अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस आंदोलन का हिस्सा है और बिना किसी भेदभाव के जीवन की रक्षा करती है।रेड



क्रॉस सोसाइटी के बारे में मुख्य जानकारी उद्देश्य आपदा आपातकाल में राहत, स्वास्थ्य सेवाएं जैसे रक्त बैंक कमजोर लोगों की देखभाल,और फर्स्ट एड प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिंग देना।स्थापना भारत में इसकी स्थापना 1920 में हुई थी।जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।संरचना इसके पूरे देश में 700 से अधिक शाखाएं हैं, जिनमें राज्य और जिला शाखाएं शामिल हैंनेतृत्व भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष भारत के माननीय राष्ट्रपति होते हैं।मूल सिद्धांत यह संस्था मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्व भौमिकता के सिद्धांतों पर काम करती है।मुख्य कार्य प्राकृतिक आपदाओं बाढ़, भूकंप के समय राहत सामग्री पहुंचाना।रक्त एकत्र करना और जरूरतमंदों को उपलब्ध कराना।एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान करना।सामाजिक कल्याण गतिविधियों को बढ़ावा देना। महत्वपूर्ण तिथियां विश्व रेड क्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है। जो इसके संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट का जन्मदिन है। इस अवसर पर15 होमगार्ड का रजिस्ट्रेशन हुआ है चार जवान का अभी रक्तदान हुआ है। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान डी एस दिवेश कुमार ,समाजसेवक बोदी सिन्हा , सूर्य नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉक्टर विजय डॉक्टर किरण माला संतोष सिंह अनिल पासवान गोपाल चोखानी सुरेश शाह राकेश कुमारसहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। समाचार लिखे जाने तक कार्यक्रम जारी था ।

## वार्ड 22 में लगाया जा रहा है बिजली पोल एवं कवर तार



**साहिबगंजः**चुनाव मे जनता से किये गए वादा को पूरा करने का काम वार्ड नंबर 22 के पार्षद सुरेंद्र यादव ने शुरू कर दिया।वही मंगलवार को गर्मी के देखते हुए वार्ड नंबर 22 में शारदा नगर पुरानी एसपी कोठी मोहल्ले एवं आस पास जगहों मे आवश्यक्तानुसार इलेक्ट्रिक पोल खड़ा किया जा रहा है।साथ ही कवर तार भी लगाया जा रहा है।ताकि जरूरत मंद तक बिजली का प्रकाश मिल सकें।इस कार्य को लेकर वार्ड के लोगों ने वार्ड पार्षद को कार्यों की सराहना भी कर रहे है।वही वार्ड पार्षद सुरेंद्र यादव खुद कार्य स्थल पर अपने निगरानी में कार्य को करवा रहे।वही वार्ड पार्षद सुरेंद्र यादब प्रत्येक दिन सुबह मे वार्ड के प्रत्येक गली मे धूम घूम कर साफ सफाई करवाते नजर आ रहे है।साथ ही लोगो की छोटी छोटी समस्या का समाधान ऑन दा स्पोर्ट करते नजर आ रहे है।

### न्यूज IN ब्रीफ

## कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से मिलता है सदैव सम्मान

**साहिबगंज**:सदर अस्पताल के वेयर हाउस में मंगलवार को नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप ने सीएस डॉ.रामदेव पासवान व डीएस डॉ.देवेश कुमार शामिल हुए।कार्यक्रम शहर के आम नागरिकों द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजिक कार्यकर्ता मो.शाहिद ने किया।इसमें



सीएस डॉ. रामदेव पासवान के अलावा सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ.केशव कृष्णा डॉ.मोहन मुर्मू व डॉ.मुकेश को स्वास्थ सेवा में बेहतर कार्य करने के लिए आम नागरिकों द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया।सामाजिक कार्यकर्ता मो शाहिद ने सीएस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सीएस के यहां योगदान के बाद लगातार जिले की स्वास्थ व्यवस्था में तेजी से सुधार हो रहा है।इसके साथ ही सीएस के मार्गदर्शन पर सदर अस्पताल के तीन ऐसे चिकित्सक है जिन्होंने अपनी सेवा को ही सबकुछ समझा है।इसमें डॉ. मुकेश कुमार,डॉ.केशव कृष्णा व मोहन मुर्मू है।ऐसे डॉक्टरों से अन्य डॉक्टरों को भी सीख लेने की आवश्यकता है।समय से पहले ड्यूटी पर पहुंचना और अंतिम मरीज तक देखना इनकी पहचान है। वही वार्ड पार्षद मो.नजरुल बारी ने कहा कि सीएस अपने कार्य के लिए जाने जाते है।तो वहीं डॉ.मुकेश कुमार,डॉ. केशव कृष्णा व मोहन मुर्मू सदर अस्पताल की पहचान है।वही सीएस ने इस तरह के कार्यक्रम से हमारे डॉक्टरों को और भी प्रेरणा मिलेगी।वही डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि जिस कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया है।आगे इससे भी बेहतर सुविधा देने का कार्य करेंगे।यह सिर्फ सम्मान नहीं है बल्कि इससे बेहतर करने का ऊर्जा और उत्साह मिला है।मौके पर लोजपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप पासवान मो.सोहेल, राजेश कुमार,पंकज कुमार,लड्डन, राहुल,मेहवाल आदि थे।

## समर्पित भाव से संगठन को मजबूती देने का कार्य करेंगे : अनुराग राहुल

**साहिबगंज**:भारतीय जनता पार्टी साहिबगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल के अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मंडल पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक प्रभारी बूथ अध्यक्ष के साथ संगठनात्मक बैठक मंडल अध्यक्ष के आवास पर की गई।इस बैठक में



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार हुए।जहाँ संगठन के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल को बधाई देते हुए कार्यकता को पार्टी के प्रति समर्पित भाव के कार्य करने का मंत्र दिए।वही नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल ने सभी मंडल पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक प्रभारी बूथ अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के प्रति अपनी ईमानदारी और समर्पित भाव से संगठन को मजबूती देने का कार्य करेंगे।मौके पर महामंत्री ओम प्रकाश पांडे,यशवंत पासवान, सुनीता देवी, निशा देवी,अमरनाथ चौधरी,जयकांत वर्मा,मनोज सिंह, अरविंद यादव,मिथलेश कुमार, रामभजन यादव,शिनारायण,अभय पासवान अभिनंदन कुमार,ज्योतिष, राजू,चंद्र केतु मिथुन कुमार अभिषेक कुमार मंटू कुमार मुरारी कुमार,विनोद कुमार,बलदेव कुमार,प्रीतम कुमार, अभिनंदन कुमार सहित कई भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## हिंदू सम्मेलन सनातन संस्कृति की रक्षा संरक्षण एकता का माध्यम है : अजय कुमार

**साहिबगंज**:विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर आज चौक बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया।भगवा ध्वज से सुसज्जित यह बाइक रैली शहर के मुख्य मार्ग से गुजरती हुई स्थानीय सूर्य देव घाट स्थित मंदिर प्रांगण में पहुंचा। आरएसएस के विभाग प्रचारक



अजय कुमार ने कहा कि सकल हिंदू समाज के द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन द्वारा समाज में जागृति लाने का काम हो रहा है।उन्होंने कहा कि हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं,बल्कि एकता,जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण का सशक्त माध्यम है।यह हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है,समाज को संगठित करता है और आने वाली पीढ़ी को संस्कार और दिशा देता है।आइए,हम सब मिलकर एकजुट,जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतीक्षा हिंदू परिवार से अन्न का संग्रह किया जाएगा जिससे महाप्रसाद तैयार होगा।आम सनातन परिवार के सहयोग से ही इतना बड़ा विराट कार्यक्रम आयोजित होगा।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अयोध्या जी स्थिति हनुमानगढ़ी के प्रमुख राजू दास महाराज का आगमन होगा।इस कार्यक्रम हेतु निमंत्रण प्रत्येक हिंदू परिवार तक पहुंचाना भी हम लोगों का दायित्व है।इसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सूर्य देव मंदिर सेवा समिति के संजय यादव लोकनाथ चौधरी,आरएसएस के जिला संघचालक डॉ नितेश वर्मा,आरएसएस के नगर कार्यवाह प्रमोद कुमार रिंकू सहित सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन जिला संपर्क प्रमुख डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने किया।

## तेजस्वी यादव के स्वागत को लेकर राजद की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

5 अप्रैल को सैकड़ों कार्यकताओं के रांची जाने का निर्णय

दुमका : राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक मंगलवार को जिला अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में जिला कमेटी के सदस्य, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्षगण बड़ी संख्या में उपस्थित



रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को राजद का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनका झारखंड की धरती पर पहला आगमन आगामी 5 अप्रैल को प्रस्तावित है। इस अवसर पर उनके स्वागत समारोह में भाग लेने के लिए पूरे राज्य के कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दुमका जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी, पंचायत अध्यक्ष एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के सैकड़ों कार्यकर्ता एक साथ रांची जाकर कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसकी तैयारी की जिम्मेदारी कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रमोद पंडित एवं अनुमंडल अध्यक्ष जितेश कुमार दास को सौंपी गई है। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष साव्या सिंह और महासचिव मनीष कुमारी ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महिला कमेटी के सभी सदस्य राँची के कार्निवल बैंक्वेट हॉल में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाग लेने रांची जाएंगे। साथ ही उन्होंने रसोई गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। बैठक में प्रदेश सचिव प्रवीर कुमार वर्मा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रमोद पंडित, अनुमंडल अध्यक्ष जितेश कुमार दास, उपाध्यक्ष संतोष मंडल, महासचिव अमरेन्द्र यादव (सरैयाहाट), अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो. जमील अख्तर, महिला जिलाध्यक्ष साव्या सिंह, महासचिव मनीषा कुमारी, नगर अध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह चंचल, मसलिया प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण राउत, सरैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष राकेश यादव, जरमुंडी प्रखंड अध्यक्ष गणेश भंडारी, सचिव दिनेश मिश्रा, मयंक रंजन, नीरज कुमार एवं रंजन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिवार्य है : अखिल कुमार

संवाददाता

**साहिबगंज:**झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लोक अदालत कक्ष में जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, साहेबगंज श्री संजय कुमार उपाध्याय, जिला न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-ककक श्री शिव करण, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय श्री विजय कुशवाहा लोक अभियोजक श्री अनुराग शुक्ला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमारी स्नेहलता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश श्री संजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि मोटर दुर्घटना के मामलों में थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारियों का यह कानूनी दायित्व है कि पीड़ित परिवार को समय पर उचित कारवाई करें जिससे पीड़ित को मुआवजा मिल सके । उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिवार्य है तथा दुर्घटना की सूचना बीमा कंपनी को समय पर देना और आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराना भी पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मुआवजा का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करना एवं उनके जीवनयापन में सहयोग देना है। जबकि जिला न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-ककक श्री शिव करण ने मोटर दुर्घटना कानूनों में हुए हालिया बदलावों की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना से संबंधित सभी कागजात 30 दिनों के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं होने पर न्यायालय को सूचित करना आवश्यक है। उन्होंने थाना प्रभारियों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ करें तथा यह संकल्प लें कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को न्यायोचित मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारियों एवं बीमा कंपनियों के समन्वय के बिना मुआवजा प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से पूरा करना संभव नहीं है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी अपनी भूमिका का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। जिसमें एलआरडीसी, परिवहन विभाग के पदाधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारीगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में हड्डी के ऑपरेशन की शुरूआत

संवाददाता

साहिबगंजःयह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सदर अस्पताल साहिबगंज में अब हड्डी के ऑपरेशन की सुविधा शुरू हो गई है।हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.सचिन कुमार के द्वारा यह सुविधा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है।बीते 24 मार्च को शोभनपुर भट्टा निवासी श्रीमती आशा देवी,जिनके घुटने की हड्डी टूट गई थी,का सफल ऑपरेशन सदर अस्पताल के मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में किया गया।यह ऑपरेशन हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.सचिन कुमार द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।उल्लेखनीय है कि डॉ सचिन कुमार द्वारा इसी माह अब तक तीन मरीजों की टूटी हड्डियों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से सदर अस्पताल साहिबगंज में हड्डी के ऑपरेशन



की सुविधा शुरू करने के लिए प्रयासरत थे।उन्होंने कहा कि कुछ बुनियादी संरचनात्मक सुविधाओं की कमी थी।जिसे उपायुक्त,सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक सदर अस्पताल के सहयोग से दूर कर दिया गया।इसके बाद अब साहिबगंज की जनता को अपने ही जिले में हड्डी के ऑपरेशन की सुविधा मिलने लगी है।इसी क्रम में मंगलवार को कूदो पहाड़िया (63 वर्ष, पुरुष)के दाहिने कलाई की टूटी हड्डी में प्लेट लगाकर सफल ऑपरेशन भी किया गया।

## समाजिक कार्यकर्ता ने डॉक्टर के खिलाफ सीएस को सौंपा मांगपत्र

संवाददाता

साहिबगंजःजिले के सदर अस्पताल में आए दिन डॉक्टरों की मनमानी को लेकर समाजिक कार्यकर्ता मो.शाहिद के नेतृत्व में सीएस को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा है।इसमें ओपीडी में कुछ डॉक्टर नदारद रहने व गायब रहने पर हंगामा होता है।ऐसे डॉक्टर पर करवाई करते हुए यहां से तबादला करने,प्रसूता वार्ड में 24 घंटे महिला डॉक्टर की मौजूदगी करने समेत अन्य मांगे की गई है।आगे समाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि कुछ डॉक्टर के चलते हमारे सरकार की छवि धूमिल हो रही है.आए दिन अखबार में प्रकाशित होती है कि डॉक्टर अस्पताल से नदारत रहते हैं तो कभी मरीज को



छोड़कर अपने निजी कार्य से चले जाते हैं.कभी मरीजों के साथ दुर्व्यवहार की जाती है.दुर -दराज से आए मरीजों को सेव नहीं मिल पाती है.डॉक्टर मरीज के साथ गलत व्यवहार करते हैं.कहते हैं कि डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं लेकिन कुछ डॉक्टर अपने मयार्दा खो देते हैं.इससे मरीजों को काफी तकलीफ होती है.इधर सीएस ने इस मांगपत्र पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# 'सिविल सर्जन की चाय वाली चौपाल श्रमिकों के साथ हुई स्वास्थ्य चर्चा

संवाददाता

?साहिबगंजःजिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से आज साहिबगंज के टमटम स्टैंड पर एक बेहद सराहनीय और अभिनव कार्यक्रम ₹प्रातः चौपाल सिविल सर्जन के नेतृत्व मे चाय पर श्रमिकों के बीच स्वास्थ्य चर्चा₹ का सफल आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे तक हुआ।।?सीधा संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के उस वर्ग श्रमिकों तक पहुँचना था जो अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण अक्सर स्वास्थ्य जांच और परामर्श से वंचित रह जाते हैं।सहभागिता इस चौपाल में सिविल सर्जन कार्यालय,सदर



अस्पताल साहिबगंज और सदर प्रखंड शहरी एवं ग्रामीण की स्वास्थ्य टीमों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।?स्वास्थ्य परामर्श चाय की चुस्कियों के साथ अनौपचारिक माहौल में श्रमिकों को मौसमी बीमारियों, स्वच्छता के महत्व और नियमित जांच के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।?इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को केवल अस्पताल की दीवारों तक सीमित रखना नहीं बल्कि उन्हें सीधे उन लोगों तक पहुँचाना है।जो राष्ट्र निर्माण में अपना पसीना बहाते हैं।यह चौपाल एक संवाद का माध्यम है ताकि हम उनकी समस्याओं को करीब से समझ सकें।निःशुल्क जांचःचौपाल के दौरान कई श्रमिकों की बुनियादी स्वास्थ्य जांच बीपी,शुगर आदि भी की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श दिए गए।मौके पर उपस्थित श्रमिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे विभाग की एक मानवीय और संवेदनशील सोच बताया। इस अवसर पर डॉ मुकेश कुमार,स्वास्थ्य विभाग के सती बाबू डवडा,मुनीलाल पांडे ललित कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# रामगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता : एक ही रजिस्ट्रेशन नं पर चल रहे दो ट्रक जब्त, दोनों चालकों को भेजा जेल

संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना पुलिस के गश्ती दल ने मंगलवार को एक ही नंबर प्लेट लगे दो वाहनों को जब्त किया है। थाना प्रभारी मनीष कुमार को वरीय पदाधिकारी के माध्यम से सूचना प्राप्त हो रही थी कि एक ही वाहन नं प्लेट- खल12 छ 9111 लगे दो ट्रक में गिट्टी लोडकर रामगढ़ एवं हंसडीहा थाना क्षेत्र होते हुए बिहार ले जाया जाता है। साथ ही इस संबंध में दुमका जिला के सभी थानों को निगरानी रखने का निर्देश भी दिया गया था। थाना प्रभारी रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुई है कि आज दिनांक- 31.03.2026 को भी वाहन नं-खल12छ-9111 का नंबर प्लेट लगा एक वाहन जो खाली है वह रामगढ़ गुहियाजोरी के रास्ते शिकारीपाड़ा की ओर जा रहा है तथा दूसरा



वाहन जिसमें गिट्टी लोड है, बारापलासी अमरपुर होते हुए हंसडीहा के रास्ते बिहार जा रहा है।

प्राप्त सूचना के संबंध में थाना प्रभारी द्वारा वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए सूचना के सत्यापन एवं विधि सम्मत कार्रवाई हेतु गश्ती में निकले पु०अ०नि० रमेश भगत को मामले की सूचना दी गई। तदोपरान्त एक टीम गश्ती दल के साथ स्वयं थाना प्रभारी मनीष कुमार ग्राम अमरपुर के पास वाहन चेकिंग प्रारंभ किया तथा पु०अ०नि० रमेश भगत जो रामगढ़ कडबिन्धा रोड में गश्ती कर रहे थे उन्हें भी ग्राम ग्राम मयुरनाथ के पास वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया गया।वाहन चेकिंग के दौरान समय करीब 12.30 बजे दुमका की ओर से आ रही एक ट्रक को रुकने का इशारा किया गया परन्तु ट्रक का चालक पुलिस बल को देखकर गाड़ी को तेजी से आगे बढ़ा दिया जिसका पीछा कर रोकने पर देखा कि उक्त ट्रक का रजिस्ट्रेशन नं- खल12छ-9111 अंकित है। तत्काल इस संबंध में थाना प्रभारी को सूचित किया। उसके बाद चालक से वाहन एवं वाहन में लोड गिट्टी के संबंध में कागजात की माँग करने पर चालक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही लोड गिट्टी के संबंध में कोई चालान दिखाया गया। चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम गोलू यादव उम्र करीब 27 वर्ष पिता मन्देश्वरी यादव सा०- सिकनपुर थाना रजौल जिला बांका (बिहार) बताया। वाहन के इंजन एवं चेचिस नंबर के जाँच हेतु पास के किसी गाड़ी मिस्त्री को खोजबीन कर रहे थे कि - इसी दौरान थाना प्रभारी महोदय दूरभाष पर सूचित किया गया कि रजिस्ट्रेशन नं0- खल12छ-9111 का नंबर प्लेट लगा एक अन्य ट्रक को पु०अ०नि० रमेश भगत के द्वारा ग्राम मयुरनाथ में मुन्ना रजक के होटल के पास - पकड़ा गया है। उसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर दोनो वाहनों को एक ही स्थान ग्राम मयुरनाथ मुन्ना रजक के होटल के पास लाया गया तथा जाँच करने पर पाये कि दोनो वाहनों में एक ही रजिस्ट्रेशन नं०- खल12छ-9111 का नंबर प्लेट लगा हुआ है तथा दोनो वाहन में एक ही चेचिस नं0- ट3ळ54197ङ1इ21549 अंकित है। उसके बाद पु०अ०नि० रमेश भगत द्वारा पकड़े गये वाहन के चालक से नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम राजदेव मांझी उम्र करीब 21 वर्ष पिता रामवृक्ष मांझी सा०-परतोनिया थाना रजौली जिला नवादा (बिहार) बताया। इस प्रकार षडयंत्र कर चोरी करने के नियत से एक ही निबंधन सं०- खल12छ-9111 का नंबर प्लेट दो ट्रक में लगा कर बिना किसी वैध कागजात के परिवहन करना एक संज्ञेय अपराध है। जिससे सरकार को राजस्व की क्षति होती है। उक्त अपराध के लिए दोनो वाहनों को विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त करते हुए दोनो वाहन चालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



# डेटिंग रूमर्स पर मलाइका ने तोड़ी चुप्पी

**हर्ष मेहता और सोराब बेदी के साथ डेटिंग की अफवाहों के बीच, मलाइका अरोड़ा ने अपने निजी जीवन के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि वह डेटिंग की रूमर्स को लेकर अपने बेटे अरहान से भी बात करती हैं।**

मलाइका अरोरा अक्सर लोगों के साथ देखे जाने पर डेटिंग की अफवाहों में घिर जाती हैं। पिछले साल हर्ष मेहता के साथ एक कॉन्सर्ट में साथ दिखने के बाद उनके नाम से काफी चर्चाएं हुईं। हाल ही में कुछ हफ्ते पहले सोराब बेदी के साथ उनकी तस्वीरें वायरल होने पर फिर अफवाहें शुरू हो गईं। इन्हीं डेटिंग रूमर्स को लेकर मलाइका ने खुलकर बात की है। हाल ही में कर्ली टेल्स के साथ बातचीत के दौरान मलाइका ने इन लगातार डेटिंग रूमर्स की फैल रही अफवाहों पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'अब यह परेशान करने वाला हो गया है। मैं इसे बस एक मजाक समझती हूं।' मलाइका ने यह बताया कि उनके बेटे अरहान खान के साथ वह इन अफवाहों पर खूब हंसते हैं। उन्होंने कहा, 'अरहान और मैं इन सब बातों पर बहुत हंसते हैं।'

### पार्टनर को लेकर मलाइका की राय

मलाइका की शादी अरबाज खान से 19 साल चली थी, जिसके बाद 2017 में उनका तलाक हो गया। कथित तौर पर अर्जुन कपूर के साथ उनका रिश्ता रहा, लेकिन 2024 में वे अलग हो गए। मलाइका ने कहा कि उन्हें अभी किसी साथी की तलाश करने की कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं इन चीजों की योजना नहीं बना सकती। अगर होना होगा तो हो जाएगा। अभी मैं अपने जीवन में चल रही हर चीज को जानने में बहुत खुश हूं।' उन्होंने आगे कहा कि पार्टनर होना अच्छी बात है, लेकिन यह उनके लिए जरूरी नहीं है। अगर उन्हें किसी के साथ रहना भी हो तो वे इसे अपनी शर्तों पर ही करेंगी।

### हर्ष मेहता और सोराब बेदी के साथ डेटिंग रूमर्स

पिछले साल मुंबई में एक कॉन्सर्ट का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें मलाइका एक अनजान व्यक्ति से बात कर रही थीं। बाद में लोगों ने दावा किया कि वह व्यक्ति 33 साल के हीरा व्यापारी हर्ष मेहता हैं। फरवरी में इटली में मलाइका की एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसे देखकर लोग अटकलें लगा रहे थे कि क्या उन्होंने वैलेंटाइन डे हर्ष के साथ बिताया। इसके अलावा मलाइका अरोड़ा और सौराब बेदी को इस साल एक साथ पार्टी में देखा गया। जिनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। इन तस्वीरों और वीडियो के बाद से ही मलाइका और सौराब की डेटिंग की खबरें आने लगीं।



विजय देवरकोंडा ने

# शादी को खास बनाने वाली तीन महिलाओं को कहा थैंक्स

**उदयपुर** में 26 फरवरी को शादी करने के बाद से ही रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा सोशल मीडिया का सबसे चर्चित कपल बन चुके हैं। इस बीच अभिनेता ने अपनी शादी में मुख्य भूमिकाएं निभाने वाली तीन महिलाओं को याद किया है। विजय देवरकोंडा ने शादी के एक महीने बाद शादी की सारी जिम्मेदारी संभालने वाली महिलाओं को स्पेशल थैंक्स कहा है, जिसमें उनकी वेडिंग प्लेनर, करीबी दोस्त ऐश्वर्या और उन्हें गहनों से सजाने वाली डिजाइनर शामिल हैं। अभिनेता ने तीनों को लेकर बहुत खूबसूरत बातें लिखी हैं और शादी को यादगार बनाने का श्रेय भी दिया। विजय देवरकोंडा ने पहले अपनी दोस्त ऐश्वर्या को दिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, 'बिना कहे ही वो शादी का फैसला करने के पल से ही मेरे साथ थी, ताकि मैं और रुशी खूब मजे कर सकें। घूमने-फिरने से लेकर जगह चुनने, खाना चखने, खूब मस्ती करने, कपड़े खरीदने से लेकर गहने, निमंत्रण पत्र, सजावट, यात्रा–हर काम में वो हम दोनों के साथ थीं।' अभिनेता ने अपनी दोस्त को शुक्रिया कहने के लिए भी अनोखा तरीका निकाला। अभिनेता ने तय किया कि वो रिसेप्शन में जो भी पहनेंगे वो सब उनकी दोस्त के होंगे। उन्होंने रिसेप्शन के दिल ऐश्वर्या की पायल को गले का हार और कंगन बनाकर पहना था, ताकि वे उन्हें हमेशा याद रख सकें। विजय देवरकोंडा ने ज्वेलरी डिजाइनर अर्पिता और वेडिंग प्लानर प्रिया का भी दिल से धन्यवाद दिया। अभिनेता के मुताबिक दोनों के बिना यह शादी इतने अच्छे तरीके से हो पाना बहुत मुश्किल था। उन्होंने वेडिंग प्लानर प्रिया से कहा है कि फैमिली में भविष्य में होने वाले सभी फंक्शन वहीं करेंगी। देवरकोंडा ने ज्वेलरी डिजाइनर अर्पिता की भी तारीफ की, क्योंकि अर्पिता ने इन ज्वेलरी डिजाइनों को तराशा जो अभिनेता के दिमाग में थे। उन्होंने लिखा, 'मैंने उनसे कभी भी 'असंभव' शब्द नहीं सुना–मैंने उनसे वो चीजें मांगीं जो मेरे दिमाग में थीं और जिन्हें कोई बना भी नहीं रहा था और उन्होंने सबसे खूबसूरत स्केच बनाए, जो मेरे सपनों से भी कहीं ज्यादा कलात्मक थे। '

# पेड्डी के सेट पर चोट के बाद हुई राम चरण की वापसी

साउथ सुपरस्टार राम चरण के लिए ॠॠके बाद बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी गुड न्यूज नहीं आई है. उनकी पिछली कुछ फिल्मों की परफॉर्मेंस अच्छी नहीं रही है. लेकिन अब एक्टर अपनी फिल्म पेड्डी से वापसी की तैयारी में हैं. फिल्म को लेकर काम जारी है. राम चरण भी इस फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं. कुछ समय पहले ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इंजरी आई थी. जिसके बाद से एक्टर ने अब शूटिंग सेट पर वापसी की है. लेकिन उन्होंने इसी के साथ फैंस को एक सरप्राइज भी दिया है. दरअसल एक्टर ने अपने जन्मदिन के मौके पर ही पेड्डी फिल्म के शूटिंग सेट पर वापसी की है और फैंस को सरप्राइज के साथ अपना हेल्थ अपडेट दिया है. शूटिंग सेट पर उन्होंने फैंस के साथ वीडियो शेयर किया है. इस दौरान उनकी आंख के ऊपर बैंडेज लगा देखा जा सकता है. फैंस एक्टर के हेल्थ अपडेट से खुश हैं और उन्हें बर्थडे की भी बधाई देते नजर आ रहे हैं.





# अजय देवगन को बड़ा झटका!

### 3 साल पहले आई फिल्म को लेकर कानूनी पचड़े में फंसे

**बॉलीवुड** एक्टर अजय देवगन की अगली फिल्म का हर कोई इंतजार कर रहा है. यूं तो 'धमाल 4' पहले मार्च में ही रिलीज होने वाली थी. पर अब मेकर्स ने इसे जून में लाने का ऐलान किया है. साथ ही 'रेंजर' को दिसंबर में लाने की प्लानिंग चल रही है. पर 'गोलमाल 5' का काम शुरू हो चुका है. जिसका रोहित शेट्टी ने हाल ही में अनाउंसमेंट भी किया था. इसी बीच जहां वो अपनी फिल्मों के काम में बिजी चल रहे हैं, तो दूसरी ओर एक्टर के लिए बहुत बड़ी सिरदर्दी सामने खड़ी हो गई है. हाल ही में जानकारी मिली कि अजय देवगन कानूनी मुश्किल में फंस गए हैं. क्योंकि ओरिजिनल तमिल फिल्म 'कैथी' के मेकर्स ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. अजय देवगन की 'भोला' 2023 में रिलीज हुई एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है. जिसका डायरेक्शन खुद अजय देवगन ने किया था. साथ ही अजय देवगन फिल्म्स, रिलायंस एंटरटेनमेंट, टी-सीरीज फिल्म्स और ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स ने मिलकर पैसे लगाए थे. जो कि 2019 की तमिल फिल्म कैथी का रीमेक है. साथ ही इस पिक्चर में अजय देवगन के अलावा तब्बू , दीपक डोबरियाल , संजय मिश्रा , गजराज राव और विनीत कुमार ने काम किया था. अब इसी फिल्म को लेकर पूरा मामला फंसा हुआ है. हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि ओरिजिनल तमिल फिल्म 'कैथी' के मेकर्स ने बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंच गए हैं. उन्होंने अजय देवगन पर आरोप लगाया है कि 'भोला' के रीमेक राइट्स से जुड़े नियमों का उल्लंघन किया गया है. पूरा विवाद 'कैथी' को प्रोड्यूस करने वाली कंपनी 'ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स' ने शुरू किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी का दावा है कि 2019 की इस हिट फिल्म के कॉपीराइट और रीमेक राइट्स सिर्फ उन्हीं के पास हैं. जबकि, प्रोडक्शन हाउस ने पहले हिंदी रीमेक को लेकर कुछ समझौते किए थे, जो बाद में 'भोला' के तौर पर सामने आए. प्रोड्यूसर्स का आरोप है कि रीमेक राइट्स के एग्नीमेंट से जुड़ी कुछ फायनेंशियल जिम्मेदारियां पूरी नहीं की गई. सिर्फ कुछ ही पेमेंट की गई है, जबकि बाकी तय रकम बकाया है, जिसमें- फिल्म की कमाई से जुड़ी एक्स्ट्रा किस्तें, वेरिएबल पेमेंट्स शामिल हैं.

## मेसी के गोल और असिस्ट से अर्जेंटीना की शानदार जीत, मैत्री मैच में जाम्बिया को 5-0 से हराया



**ब्यूनस आयर्स :** लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत अर्जेंटीना राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मंगलवार को जाम्बिया को 5-0 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला ब्यूनस आयर्स के मशहूर ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में खेला गया। कोच लियोनेल स्कालोनी ने पिछले मैच में औसत प्रदर्शन के बाद मेसी को दोबारा प्लेइंग इलेवन में शामिल किया, और उन्होंने तुरंत असर दिखाया। मैच के चौथे मिनट में ही मेसी ने शानदार पास देकर जूलियन अल्वारेज से पहला गोल करवाया। पहले हाफ के अंत से ठीक पहले मेसी ने खुद भी गोल दागते हुए अंतरराष्ट्रीय करियर का 116वां गोल पूरा किया। उन्होंने एलेक्सिस मैक एलिस्टर के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए गेंद को जाल में पहुंचाया। दूसरे हाफ में अर्जेंटीना को पेनल्टी मिली, लेकिन मेसी ने खुद शॉट लेने के बजाय गेंद निकोलस ओटामेंडी को सौंप दी, जिन्होंने इसे गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद जाम्बिया के डोमिनिक चांदा के आत्मघाती गोल से बढ़त 4-0 हो गई। अंत में युवा खिलाड़ी वैलेन्टिन बार्को ने इंजरी टाइम में गोल कर स्कोर 5-0 कर दिया। यह मुकाबला मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना के लिए वर्ल्ड कप से पहले घरेलू मैदान पर आखिरी मैच था। टीम जून में होने वाले टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करेगी, जहां उसका सामना अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से होगा। कप्तान मेसी से एक बार फिर टीम को खिताब दिलाने की उम्मीदें होंगी।

# वर्ल्ड कप से पहले ब्राजील की दमदार तैयारी, क्रोएशिया को 3-1 से हराया



एजेंसी

**ऑरलैंडो :** ब्राजील राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने वर्ल्ड कप की तैयारियों के तहत खेले गए मैत्री मुकाबले में क्रोएशिया राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को 3-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबला मंगलवार को कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम में खेला गया। मैच के पहले हाफ में ब्राजील ने गेंद पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और कई मौके बनाए। 20वें मिनट में दानिलो का प्रयास क्रोएशियाई गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच ने रोक दिया। इसके बाद भी ब्राजील लगातार आक्रामक खेल दिखाता रहा। आखिरकार पहले हाफ के अंत में ब्राजील को सफलता मिली, जब माथियस कुन्हा के पास पर विनीसियस जूनियर ने बेहतरीन रन बनाते हुए दानिलो को पास दिया, जिन्होंने शानदार फिनिश के साथ टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में क्रोएशिया ने वापसी की कोशिश की और 84वें मिनट में लोवरो माजेर ने टोनी फ्रुक के क्रॉस पर गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, इसके बाद ब्राजील ने तेजी से जवाब दिया। 88वें मिनट में इगोर थियागो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम को फिर से बढ़त दिलाई। इंजरी टाइम में गेब्रियल मार्टिनेली ने गोल कर जीत 3-1 से पक्की कर दी। मैच के बाद कैसेमिरो ने कहा कि टीम को अभी और सुधार की जरूरत है, लेकिन वे वर्ल्ड कप में पूरी ताकत के साथ उतरेंगे।

अब ब्राजील जून में मिस्र राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगा, जबकि वर्ल्ड कप में उसका पहला मुकाबला मोरक्को से होगा। वहीं, क्रोएशिया टूर्नामेंट से पहले बेल्जियम और स्लोवेनिया के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा।

# इटली लगातार तीसरी बार फीफा वर्ल्ड कप से बाहर, प्लेऑफ में बोस्निया से पेनल्टी शूटआउट में मिली हार

एजेंसी

**जेनिका :** चार बार की विश्व चैंपियन इटली राष्ट्रीय फुटबॉल टीम एक बार फिर फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही है। यूरोपीय प्लेऑफ मुकाबले में इटली को 66वीं रैंकिंग वाली बोस्निया और हजेर्गोविना के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले की शुरूआत में मोइज कीन ने गोल कर इटली को बढ़त दिलाई, लेकिन पहले हाफ में ही सेंटर-बैक अलेसांद्रो बास्तोनी को रेड कार्ड मिलने से टीम 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई। इसका फायदा उठाते हुए बोस्निया के सब्स्टीट्यूट हारिस तबाकोविक ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया, जिससे मैच अतिरिक्त समय में चला गया। अतिरिक्त समय में भी कोई नतीजा नहीं निकल सका और मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा, जहां इटली को हार झेलनी पड़ी। इस हार के साथ ही इटली लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप में जगह बनाने से चूक गई है। इससे पहले टीम को पिछले दो वर्ल्ड कप क्वालीफायर प्लेऑफ में स्वीडन और नॉर्थ मैसिडोनिया के हाथों बाहर होना पड़ा था।

1934, 1938, 1982 और 2006 में खिताब जीत चुकी इटली अब कम से कम 16 साल तक वर्ल्ड कप में एक भी मैच खेले बिना रह सकती है। टीम का खराब प्रदर्शन 2010 और 2014 वर्ल्ड कप से ही शुरू हो गया था, जहां वह ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ सकी थी। हालांकि, इटली ने 2021 में यूरोपीय चैम्पियनशिप जीतकर वापसी की झलक जरूर दिखाई थी। इटली का आखिरी वर्ल्ड कप नॉकआउट मैच 2006 में था, जब उसने फाइनल में फ्रांस को हराकर खिताब जीता था। 1958 के बाद यह पहली बार है जब इटली इतनी बार वर्ल्ड कप में क्वालीफाई करने में असफल रही है, जिससे टीम के प्रदर्शन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



# मप्रः मुख्यमंत्री आज राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2026 स्कूल चलें हम का करेंगे शुभारंभ

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बुधवार को भोपाल के टीटी नगर स्थित मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ₹स्कूल चलें हमह्व अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026 का शुभारंभ करेंगे, साथ ही कार्यक्रम में विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल का वितरण भी करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी अखिल परस्ते ने बताया कि राज्य शासन द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने किये विभिन्न सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं।



इसके अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप सहायता दी जा रही है। स्कूटी योजना एवं साइकिल वितरण योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिडिल एवं हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान एवं उनके पुनः नामांकन के लिये ट्रैकिंग सिस्टम भी संचालित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

राज्य शासन ने इस वर्ष हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। यह कार्यक्रम प्रदेश में शिक्षा के प्रसार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता एवं विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

हिमाचल सरकार ने एंट्री टैक्स घटाया, अधिसूचना जारी,

# बिलासपुर सीमा पर जत्थेबंदियों ने रोकी वाहनों की एंट्री

एजेंसी

**शिमला :** पंजाब और हरियाणा की ओर से बढ़ते विरोध और सीमावर्ती इलाकों में तनाव की स्थिति के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार ने एंट्री टैक्स की दरों में संशोधन करते हुए राहत देने का फैसला किया है। मंगलवार देर शाम जारी सरकार की नई अधिसूचना के अनुसार बाहरी राज्यों से आने वाली पांच से 12 सीट तक की निजी गाड़ियों पर प्रवेश शुल्क घटाकर 100 रुपये कर दिया गया है। पहले इन श्रेणियों की गाड़ियों पर शुल्क बढ़ाकर 130 रुपये किया गया था, जिसे एक अप्रैल से लागू किया जाना था, लेकिन विरोध के बाद सरकार ने इसमें बदलाव किया। राज्य कर एवं आबकारी विभाग की ओर से जारी संशोधित अधिसूचना में बताया गया है कि टोल नीति 2026झ्र27 के तहत कुछ श्रेणियों के लिए राहत के प्रावधान जोड़े गए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पांच से 12 सीट क्षमता तक की निजी गाड़ियों के लिए अब 24 घंटे का प्रवेश शुल्क 100 रुपये ही लिया जाएगा। इसे सरकार का विवाद के बीच एक महत्वपूर्ण संशोधन माना जा रहा है, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव कम करने की कोशिश की गई है। नई अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश में पंजीकृत हल्के वाहनों को भी राहत दी गई है। पहले केवल पांच सीट तक की टैक्सियों को प्रवेश शुल्क से छूट थी, लेकिन अब 12 सीट तक की हिमाचल नंबर वाली टैक्सियों को भी एंट्री टैक्स से पूरी तरह छूट दे दी गई है।

# चुनाव 26 : भवानीपुर से आठ अप्रैल को नामांकन दाखिल कर सकती हैं ममता बनर्जी

एजेंसी

**कोलकाता :** भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार ममता बनर्जी आठ अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकती हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार वह कालीघाट स्थित अपने आवास से एक रैली निकालकर गोपालनगर सर्वे भवन तक जा सकती हैं, जहां वह नामांकन दाखिल करेंगी।

बताया जा रहा है कि इस रैली में तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी, कोलकाता के मेयर तथा राज्य के नगर विकास मंत्री फिरहाद हकीम (बॉबी) और दक्षिण कोलकाता तृणमूल के अध्यक्ष देवाशीष कुमार भी मौजूद रह सकते हैं। इसके अलावा भवानीपुर क्षेत्र के सभी तृणमूल पार्षदों के भी इसमें शामिल होने की संभावना है।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पहले ही भवानीपुर में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। हालांकि ममता बनर्जी ने अभी तक अपने



निर्वाचन क्षेत्र में औपचारिक प्रचार शुरू नहीं किया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि उनके नामांकन दाखिल करने के बाद तृणमूल कांग्रेस भवानीपुर में पूरी ताकत से प्रचार अभियान शुरू करेगी। विभिन्न वार्डों में अलग-अलग रैलियां और बैठकें आयोजित की जाएंगी और पार्टी के शीर्ष नेता भी उनके समर्थन में प्रचार कर सकते हैं।तृणमूल कांग्रेस विशेष रूप से वार्ड संख्या 73 पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारतीय संविधान के निमार्ता भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को इस वार्ड में पहली चुनावी सभा आयोजित की जा सकती है। इसके बाद चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक इस क्षेत्र में लगातार रैलियां और सभाएं की जाएंगी।

फिलहाल भवानीपुर में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है और स्थानीय तृणमूल नेतृत्व इन तैयारियों में जुटा हुआ है।उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में इस बार विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को और दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। भवानीपुर में दूसरे चरण में मतदान होना है। दूसरे चरण की अधिसूचना 02 अप्रैल को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल निर्धारित की गई है।

# मप्रः राज्यपाल आज मंडला जिले में दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम व सिकलसेल शिविर में होंगे शामिल

एजेंसी

**मंडला :** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई आज बुधवार को मंडला जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां बिछिया विकासखंड में आयोजित बैगा जनजाति हितग्राहियों को दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम एवं सिकलसेल स्वास्थ्य शिविर में शामिल होंगे। मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि राज्यपाल पटेल यहाँ पशुपालन विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के अंतर्गत मंडला, बालाघाट एवं डिंडोरी जिले के चयनित पशुपालकों को एक-एक दुधारू पशु प्रदान करेंगे। इसके साथ ही राज्यपाल शासकीय स्कूलों में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे एवं उन्हें प्रोत्साहित करेंगे, साथ ही पीएम जन मन योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम



के अनुसार, राज्यपाल मंगुभाई पटेल का प्रातः 10:30 बजे बिछिया के हेलीपेड पर आगमन होगा। वे प्रातः 10:40 बजे हेलीपेड से ग्राम कन्हारीकला के लिए रवाना होंगे तथा प्रातः 10:55 बजे आंगनवाड़ी केन्द्र कन्हारीकला का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात राज्यपाल पटेल प्रातः 11:15 बजे पशु मेला भ्रमण, बैगा हितग्राही परिचय, कृषि एवं पशुपालन विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन, आयुष विभाग एवं वन उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। राज्यपाल पटेल सिकलसेल, स्वास्थ्य कैम्प का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजनांतर्गत बैगा हितग्राहियों को दुधारू पशु इकाई, वन काष्ठ लाभांश, वनाधिकार पट्टा वितरण किया जारगा। सिकल कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं फूड बास्केट वितरण करेंगे। इसके पश्चात उनके द्वारा स्कूल प्रवेश उत्सव का शुभारंभ (बेल सेरेमनी) किया जाएगा। राज्यपाल पटेल दोपहर 2:00 बजे बिछिया से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# राजस्थान में बारिश-ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, चार अप्रैल तक अलर्ट जारी

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में मौसम ने अचानक करवट ली है। बुधवार को भी प्रदेश के दो जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। राजधानी जयपुर सहित आसपास के इलाकों में सुबह से घने बादल छाए हुए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि दो अप्रैल से एक नया मौसमी तंत्र सक्रिय होगा, जिससे प्रदेश में फिर से बारिश का दौर शुरू हो सकता है। इसका असर अप्रैल के शुरूआती दिनों तक बना रहेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार मंगलवार को पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई,



जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, अलवर, भरतपुर, दौसा, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर और टोंक सहित 10 से अधिक जिलों में दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। इन क्षेत्रों में सुबह मौसम साफ था, लेकिन दिन चढ़ने के साथ बादल छा गए और कई जगहों पर बारिश शुरू हो गई। हनुमानगढ़, चूरू और श्रीगंगानगर के कई इलाकों में ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।जयपुर के आसपास भी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मंगलवार को कोटा और चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान क्रमशः 37.9 और 37.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से अधिक रहा। बीते कई दिनों से जारी बारिश और ओलावृष्टि के कारण श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, नागौर और डीडवाना-कुचामन समेत कई जिलों में रबी की फसलें प्रभावित हुई हैं।

मौसम विभाग के अनुसार 4 अप्रैल तक प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# नेपाल में भ्रष्टाचार, 10 हजार लोग आ सकते हैं जांच के दायरे में

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल में नवगठित बालेन्द्र शाह सरकार ने 1990 में लोकतंत्र की बहाली के बाद से सार्वजनिक पद पर रहे राजनीतिक नेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों और राजनीतिक नियुक्त अधिकारियों की संपत्तियों की व्यापक जांच शुरू करने की तैयारी कर रही है। इस कदम को भ्रष्टाचार नियंत्रण और सुशासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। सरकारी अनुमान के अनुसार, लगभग 10,000 लोग जांच के दायरे में आ सकते हैं, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व उच्च पदस्थ सिविल सेवक और विभिन्न सरकारी निकायों में नियुक्त अधिकारी शामिल हैं। जांच प्रक्रिया को व्यवस्थित और कानूनी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सरकार 15 दिनों के भीतर एक उच्चस्तरीय संपत्ति जांच समिति बनाने की योजना बना रही है। इस समिति में वित्त, राजस्व, कानून और जांच क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे। जांच को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2006 के जनआंदोलन 2006 से अब तक सार्वजनिक पद पर रहे व्यक्तियों की संपत्तियों की जांच की जाएगी। दूसरे चरण में 1990 से 2005 के बीच पद पर रहे लोगों को शामिल किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस चरणबद्ध प्रक्रिया से अलग-अलग राजनीतिक दौर और प्रशासनिक संरचनाओं को प्रभावी ढंग से कवर किया जा सकेगा। नेपाल में सार्वजनिक अधिकारियों पर वर्षों से अपनी ज्ञात आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगते रहे हैं।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी चौतरफा तेजी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के खत्म होने की संभावना के कारण ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका अगले एक से दो सप्ताह में ईरान के युद्ध से बाहर हो सकता है। ट्रंप के इस बयान के बाद ईरान युद्ध खत्म होने की संभावना बढ़ी है, जिसके कारण ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं।

अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान शानदार मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी



होती रही। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज चौतरफा तेजी का माहौल बना हुआ है। ईरान युद्ध से जल्दी ही बाहर निकलने का संकेत देकर डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना दिया, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक जोरदार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एस एंड पी 500 इंडेक्स 184.80 अंक यानी 2.91 प्रतिशत उछल कर 6,528.52 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 795.99 अंक यानी 3.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,590.63 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,421.02 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की छलांग लगा कर 10,176.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत उछल कर 7,816.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 117.16 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,680.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज चौतरफा तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के सभी नौ बाजार के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 541 अंक यानी 2.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,973.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 520.86 अंक यानी 2.06 प्रतिशत उछल कर 25,309 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

कोस्पी इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 378.24 अंक यानी 7.49 प्रतिशत उछल कर 5,430.70 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स और ताइवान वेटेड इंडेक्स में भी आज चार प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई है। निक्केई इंडेक्स 2,327.28 अंक यानी 4.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,391 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 1,356.81 अंक यानी 4.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ 33,079.80 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,974.88 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 112.50 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछल कर 7,160.72 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 1.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,469.80 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,944.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिमला में चरस की डिलीवरी देने आए दो तस्कर गिरफ्तार

**शिमला :** शिमला के टूटू क्षेत्र में चरस की डिलीवरी देने आए कुल्लू के दो युवकों को जिला शिमला पुलिस ने करीब 1.055 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उन्हें अदालत में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार 31 मार्च की शाम थाना बालूगंज की पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि कुल्लू जिले के दो युवक एक कार में चरस की डिलीवरी देने के लिए टूटू क्षेत्र में पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध वाहन को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में कमलेश कुमार (35 वर्ष) और इन्द्रजीत (28 वर्ष), दोनों निवासी गांव मशाडा, डाकघर नगर, तहसील और जिला कुल्लू मौजूद पाए गए। पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में नियमानुसार वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से एक कैरी बैग बरामद हुआ, जिसमें अलग-अलग पाउच में कुल 1.055 किलोग्राम चरस बरामद की गई। बरामदगी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना बालूगंज में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे आगे किसे सप्लाई किया जाना था। पुलिस के अनुसार मामले की सभी पहलुओं से गहन जांच की जा रही है, जिससे इस तस्करी से जुड़े संभावित नेटवर्क का भी पता लगाया जा सके। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने कहा है कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

### मप्र में श्रमिकों के वेतन में बढ़ोतरी, एक अप्रैल से नई दरें लागू

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के करीब 50 लाख श्रमिकों के वेतन में नए वित्त वर्ष से बढ़ोतरी की गई है। श्रम विभाग मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। बुधवार, 1 अप्रैल से नई न्यूनतम वेतन दरें लागू कर दी हैं।
जारी आदेश के अनुसार, परिवर्तनशील महंगाई भत्ते के कारण श्रमिकों के वेतन में औसतन नौ रुपये प्रतिदिन यानी करीब 234 रुपये मासिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका फायदा सरकारी विभागों के करीब 10 लाख और निजी सेक्टर व उद्योगों के लगभग 40 लाख श्रमिकों को मिलेगा।
श्रमायुक्त तन्वी हुड्डा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जुलाई-दिसंबर 2025 के औसत महंगाई सूचकांक में वृद्धि के चलते यह संशोधन किया गया है। नई दरें न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के तहत 67 श्रेणियों के श्रमिकों पर लागू होंगी। आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों को केंद्र के समान करीब 26 हजार रुपये मासिक वेतन की उम्मीद थी, लेकिन नई दरों में सीमित बढ़ोतरी से निराशा हुई है।

### उज्जैनः महाकाल के दरबार में सितारों की आस्था, अक्षय-टाइगर ने नंदी के कान में मांगी मनोकामना, डिंपल कपाड़िया भी रहीं साथ

**उज्जैन :** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार तड़के बॉलीवुड सितारों की गहरी आस्था देखने को मिली। मशहूर फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, टाइगर श्राफ और वरिष्ठ अभिनेत्री डिंपल कपाडिया बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। तीनों कलाकारों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भगवान महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। मंदिर में उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और देश-दुनिया की खुशहाली की कामना की। बुधवार सुबह करीब 6 बजे मंदिर पहुंचे इन कलाकारों ने नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल का ध्यान और जाप किया। अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ ने नंदी महाराज का पूजन कर उनके कान में अपनी मनोकामनाएं कहीं। इसके बाद तीनों ने गर्भगृह की देहरी से दर्शन कर भगवान को जल अर्पित किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन करने के बाद अक्षय कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ देश की उन्नति और समृद्धि के लिए भगवान महाकाल से प्रार्थना की। दर्शन उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने तीनों कलाकारों का पारंपरिक स्वागत किया और प्रसाद व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।
अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ के मंदिर पहुंचने की खबर मिलते ही वहां मौजूद श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बन गया। जैसे ही कलाकार मंदिर से बाहर निकले, प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई अपने पसंदीदा सितारों के साथ सेल्फी और फोटो लेने को उत्साहित नजर आया।
बुधवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती श्रद्धा और परंपरा के साथ संपन्न हुई। मंदिर के कपाट खुलते ही विधिवत पूजन की शुरूआत की गई। मंदिर के कपाट खुलते हीसबसे पहले वीरभद्र जी को प्रणाम कर स्वस्ति वाचन किया गया और आज्ञा लेकर चांदी द्वार खोला गया। भगवान महाकाल का जल से अभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजा की गई। इसके बाद कर्पूर आरती उतारी गई और बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। भांग, चंदन, सिंदूर और आभूषणों से सजे बाबा महाकाल का दिव्य स्वरूप भक्तों को मंत्रमुग्ध करता रहा। पूजन के बाद ड्रायफ्रूट, फल और मिठाई का भोग अर्पित किया गया तथा भस्म चढ़ाई गई। रजत मुकुट, मुंडमाल और रुद्राक्ष की मालाओं से अलंकृत बाबा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महा निवार्णी अखाड़ा की ओर से भस्म अर्पित की गई। मान्यता है कि भस्म अर्पण के बाद भगवान निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं।

### बांग्लादेश के गृहमंत्री ने कहा-जुलाई 2025 का राष्ट्रीय चार्टर कार्यान्वयन आदेश 'अंतहीन छल'

**ढाका :** बांग्लादेश के गृहमंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने ₹जुलाई 2025 राष्ट्रीय चार्टर (संवैधानिक सुधार) कार्यान्वयन आदेश, 2025₹ की कड़ी आलोचना करते हुए इसे ₹छल का अंतहीन दस्तावेज₹ और ₹राष्ट्रीय धोखाधड़ी₹ करार दिया। विपक्ष के नेता की शुरू की गई चर्चा का जवाब देते हुए गृहमंत्री ने मंगलवार देररात संसद में जोर देकर कहा कि इस आदेश की कोई कानूनी वैधता नहीं है। यह शुरू से ही अवैध है। उन्होंने अंतरिम सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि दस्तावेज पेश करने से पहले उसने विभिन्न राजनीतिक दलों के ₹विरोध के नोट₹ को शामिल नहीं किया। उन्होंने कहा, ₹राजनीतिक दलों की असहमति वाली राय को बाहर रखना राष्ट्रीय धोखा के बराबर है।₹ सलाहुद्दीन अहमद ने हालिया राष्ट्रपति के आदेश पर कानूनी आपत्तियां उठाते हुए तर्क दिया कि ऐसे निर्देश जारी करने का अधिकार 7 अप्रैल, 1973 के बाद समाप्त हो गया था। उन्होंने सवाल किया, ₹7 अप्रैल, 1973 के बाद, राष्ट्रपति के पास ऐसा आदेश जारी करने की शक्ति नहीं रही थी। तो फिर यह आदेश कैसे जारी किया गया?₹ उन्होंने कहा कि जो आदेश अपनी शुरूआत से ही अमान्य हो, वह कानूनी भाषा में 'शुरू से ही शून्य' कहलाता है और इसलिए उसे न तो अध्यादेश माना जा सकता है और न ही कानून।



गृहमंत्री ने जनमत संग्रह के मतपत्र की संरचना की आलोचना करते हुए कहा कि मतदाताओं को चार अलग-अलग सवालों का जवाब केवल ₹हां₹ या ₹नहीं₹ में देने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने तर्क दिया कि जनता पर किसी भी कानून को इस तरह से थोपा नहीं जाना चाहिए। अंतरिम प्रशासन की भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक कार्यवाहक सरकार के पास मौलिक राष्ट्रीय मुद्दों पर निर्णय लेने का अधिकार क्षेत्र नहीं होता है। गृहमंत्री ने संवैधानिक सुधार परिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण के संबंध में चुनाव आयोग की भी आलोचना की, और कहा कि ₹अस्तित्वहीन निकाय₹ के सदस्यों को शपथ दिलाने के लिए कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने संसद को शपथ पत्र भेजकर अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया, और इस तरह संविधान को बनाए रखने की अपनी ही संवैधानिक शपथ का भी उल्लंघन किया।
बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के रुख को स्पष्ट करते हुए सलाहुद्दीन अहमद ने कहा, ₹पूरे देश में यह भ्रम फैलाने की जानबूझकर कोशिश की जा रही है कि बीएनपी सुधार नहीं चाहती या 'जुलाई राष्ट्रीय चार्टर' का समर्थन नहीं करती। हालांकि, हम ऐतिहासिक रूप से हस्ताक्षरित 'जुलाई राष्ट्रीय चार्टर' के हर अक्षर, शब्द और वाक्य का पूरी तरह से पालन करते हैं। हम राजनीतिक आम सहमति पर आधारित सुधार चाहते हैं, न कि किसी अवैध आदेश पर।₹ उन्होंने यह भी दावा किया कि देश की जनता ने 51 प्रतिशत वोटों के साथ बीएनपी को अपना जनादेश दिया है।
गृहमंत्री ने राज्य की संरचना में सुधार का प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, ₹मैं सदन के नेता (प्रधानमंत्री) की ओर से एक प्रस्ताव पेश कर रहा हूं, जिसमें संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों, साथ ही स्वतंत्र सदस्यों को शामिल करके एक विशेष संसदीय समिति के गठन का प्रस्ताव है।

न्यूज IN ब्रीफ

## दुष्कर्म के आरोपी को मिली जमानत

**जमशेदपुर :** जुगसलाई में महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी आशीष की जमानत अर्जी एडीजे- 5 की अदालत से मंजूर हो गई। महिला ने सितंबर 2025 में जुगसलाई थाना में आशीष के खिलाफ विभिन्न आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया था। बचाव पक्ष से अधिवक्ता अखिलेश राठौर ने अदालत में जमानत अर्जी पर बहस की। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ ठोस साक्ष्य नहीं है और न्यायिक हिरासत अवधि के आधार पर जमानत अर्जी मंजूर हुई है।

## अपर मुख्य सचिव ने जूनियर डॉक्टरों को बुलाया

**जमशेदपुर :** 6 अप्रैल से जूनियर डॉक्टरों द्वारा किए जाने वाले अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने जूनियर डॉक्टरों को बुलाया है। वह जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पर चर्चा करेंगे। नहीं जूनियर डॉक्टर के प्रतिनिधियों का कहना है कि वे लोग अपनी मांग पर अड़े हैं और जब तक स्टाइपेंड नहीं बढ़ाया जाएगा वह अपना निर्णय वापस नहीं लेंगे।

## सिटी गैस एजेंसी के ग्राहकों को दस दिन बाद मिला गैस

**जमशेदपुर :** नंबर लगाने के कई दिनों तक गैस नहीं मिलने का विरोध करने वाले लोगों को बुधवार को एजेंसी द्वारा गैस भरा सिलेंडर दे दिया गया। इससे वहां के सैकड़ों ग्राहक ने राहत की सांस ली। लोगों ने बताया कि कई दिन बार एजेंसी खुली तो मंगलवार को उन लोगों का रसीद कटा। बुधवार को गैस पहुंचाने के बदले गैस लेने के लिए ग्राहकों को ही जाना पड़ा है। जहां काफी सुबह से लोग आकर गैस ले जा रहे थे।

## चक्रधरपुर रेल मंडल ने ढुलाई का तोड़ा रिकॉर्ड

**जमशेदपुर :** चक्रधरपुर मंडल रेलवे ने मार्च के अंतिम दिन लोडिंग और ढुलाई के अपने सभी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। रेलवे बुधवार को लोडिंग ढुलाई में मिली सफलता को स्पष्ट कर सकती है। सूचना के अनुसार चक्रधरपुर मंडल रेलवे ने करीब 155 मेट्रिक टन की ढुलाई की है जबकि दक्षिण पूर्व रेलवे जोन का ढुलाई रिकॉर्ड करीब 211 मेट्रिक टन है। जानकार बताते हैं कि चक्रधरपुर मंडल रेलवे ने 2025-26 वित्तीय वर्ष की अपेक्षा 2026-27 वित्तीय वर्ष में अपेक्षा से ज्यादा ढुलाई की है।

## एक्सएलआरआई में अब अध्यात्मिकता से निखरेगा मैनेजमेंट कौशल

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई जमशेदपुर ने आधुनिक कॉर्पोरेट जगत में नेतृत्व की परिभाषा को बदलने की दिशा में एक बड़ी पहल की है। संस्थान अब अपने भावी प्रबंधकों को केवल बिजनेस की बारीकियां ही नहीं, बल्कि भारतीय मूल्यों और आध्यात्मिक ज्ञान के जरिए प्रबंधन कौशल (मैनेजमेंट स्किल्स) सिखाएगा। सेंटर फॉर स्पिरिचुअलिटी इसके लिए मंगलवार को एक विशेष प्री-कॉन्क्लेव आयोजित करने जा रहा है, जो भारतीय आध्यात्मिकता और प्रबंधन के समन्वय पर केंद्रित होगा। आज के दौर में जब वैश्विक व्यवसायिक जगत प्रतिस्पर्धा और नैतिक दुविधाओं से जूझ रहा है। इसका लक्ष्य छात्रों के इनर मोरल कंपास यानी उनकी आंतरिक नैतिक समझ को मजबूत करना है।

संस्थान का मानना है कि एक सफल लीडर वही है, जो पेशेवर उत्कृष्टता के साथ-साथ व्यक्तिगत संस्कार और सहानुभूति को भी महत्व दे। यह कॉन्क्लेव भारतीय प्रबंधन शिक्षा में आध्यात्मिकता के प्रणेता रहे स्वर्गीय एसके चक्रवर्ती की विरासत को समर्पित है। कॉनक्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में आईआईएम कोझिकोड के निदेशक देबाशीष चटर्जी शिरकत करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आईआईएम शिलांग के संजोय मुखर्जी और मधुमिता चटर्जी अपने विचार साझा करेंगे। इस आयोजन के माध्यम से एक्सएलआरआई जमशेदपुर दुनिया भर के शिक्षाविदों, शोधकताओं और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर ला रहा है।

## झारखंड से उत्तर प्रदेश जा रहा था लाखों का डोडा, दो तस्कर गिरफ्तार

**पलामू:** झारखंड के पलामू से होते हुए लाखों के डोडा की खेप जा रही थी. डोडा की यह खेप पलामू पुलिस की कार्रवाई में पकड़ी गई है. पलामू पुलिस ने एक लग्जीरियस कार से 216 किलो डोडा बरामद किया है, जबकि उत्तरप्रदेश के बरेली के फरीदपुर के संजीव शर्मा और गढ़वा के कांडी के रहने वाले निजामुद्दीन राईन को गिरफ्तार किया है. दरअसल, पलामू पुलिस मनातू थाना क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग कर रही थी. एसपी रीष्मा रमेशन को सूचना मिली थी कि मादक पदार्थों की तस्करी होने वाली है. इसी सूचना के आलोक में डीएसपी राजीव रंजन में नेतृत्व में सर्च अभियान शुरू किया गया. इसी क्रम में थाने के गेट के पास एक कार को रोका गया, जांच में कार से बोरे में पैक डोडा बरामद हुआ. गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि डोडा को चतरा के प्रतापपुर, लावालौंग, कुंदा के इलाके में खरीदा गया था.

## जल संकट से हाहाकार, छह लाख आबादी रही प्यासी

**धनबाद :** शहर में मंगलवार को भीषण जल संकट देखने को मिला। दोपहर से देर रात तक शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति पूरी तरह से ठप रही। छह लाख से अधिक आबादी को पानी के लिए तरसना पड़ा। हालात ऐसे बने कि सुबह से ही लोग पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे और देर रात तक चापाकल समेत अन्य स्रोतों पर लंबी कतारें लगी रहीं। जानकारी के अनुसार, शहर की कुल 19 जलमीनारों से आपूर्ति बाधित रही, जिससे संकट और गहरा गया। बरमसिया, भूदा, गांधीनगर, धोवाटांड़, धनसार, पुलिस लाइन, मेमको मोड़, भूली, पॉलीटेक्निक, वासेपुर, स्टीलगेट, हिल कॉलोनी, गोल्फ ग्राउंड, हीरापुर, चीरागोड़ा, मटकुरिया, पीएमसीएच, पुराना बाजार और मनईटांड़ समेत अन्य क्षेत्रों में एक बूंद पानी नहीं पहुंचा। जल संकट की वजह मुगमा मोड़ के पास मुख्य पाइपलाइन का क्षतिग्रस्त होना बताया गया। इस बाबत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पीएचईडी) डिवीजन-1 के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार ठाकुर ने बताया कि शहरी जलापूर्ति के लिए बिछी 1000 एमएम व्यास की मुख्य पाइपलाइन को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे कारण शहर में सप्लाई बाधित हो गई। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन की मरम्मत मंगलवार की रात ही शुरू कर दी गई है, लेकिन काम पूरा होने में समय लग सकता है। इस कारण बुधवार को भी जलापूर्ति पूरी तरह सामान्य होने की संभावना कम है। जलापूर्ति ठप रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों में पानी खत्म होने से दैनिक कार्य प्रभावित हुए। वहीं छोटे कारोबारियों और होटलों पर भी असर पड़ा। लोगों ने प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की, ताकि भीषण जल संकट से राहत मिल सके।

## बलियापुर में शांति की पहल

**धनबाद :** रामनवमी के दिन बलियापुर थाना क्षेत्र के भीखराजपुर में हुई घटना के बाद हालात को सामान्य करने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को बलियापुर थाना परिसर में शांति एवं सद्भावना समिति की अहम बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता एसएसपी प्रभात कुमार ने की।

# मनोहरपुर मनीपुर हाथी गेट आमबगान में आदिवासी हो समाज महासभा का मागे मिलन समारोह आयोजित

संवाददाता

**बंदगांव :** पश्चिमी सिंहभूम जिला कोल्हान की धरती पर आदिवासी हो महासभा द्वारा आहुत मांगे मिलन समारोह में कोल्हान रक्षा संघ को मुख्य अतिथि के रूप में बाजे गाजे पारंपरिक नृत्य से साथ मंचासिन कराया गया। जहां मुख्य अतिथि के तौर पर इसी इलाके संत अगस्टीन मनोहरपुर तथा टाटा कालेज चाईबासा में चालिस वर्ष पूर्व अर्थशास्त्र में व्याख्याता रहे एवं कालान्तर में बिहार व झारखंड सरकार के वरीय प्रशासनिक अधिकारी डिबार जॉकों ने सृजन नामक नोवा मुंडी की संस्था के साथ इसकी अध्यक्षता की। जहां उन्होने आदिवासी हो भाषा, नृत्य संस्कृति संरक्षण, जंगल में रह रहे लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं एवं उनकी रोजी रोजगार पर बल दिया।मनोहरपुर प्रखंड के मनीपुर हाथी गेट के सामने स्थित आमबगान पर आदिवासी हो समाज महासभा के तत्वावधान में आयोजित मागे मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कोल्हान रक्षा संघ के अध्यक्ष डीबार जोंकों समेत मानसिंह हेंब्रम, रविंद्र मंडल, सुखदेव हेम्बरम समेत दर्जनाधिक लोगों ने इसमें शिरकत की। जहां आदिवासी परंपरा के तहत स्वगत करते हुए बालाओं द्वारा नाचते हुए उन्हें मंच पर ले गये। इस अवसर पर



भगवान बिरसा मुंडा तथा हो भाषा के जनक लोकों बोदरा को एक एक कर सबने श्रद्धांजलि दी। अपने अध्यक्षीय भाषण में डीबार जोंकों ने कहा कि जो लड़कियां इस मांगे मिलन समारोह पर नाच रही है इस नृत्य के पीछे हमारी वैभवशाली परंपरा में विज्ञान छुपा हुआ है। उन्होंने इसे अक्षुण बनाये रखने हेतु बल दिया। श्री जोंकों ने हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग को जोरदार तरीके से रखा। इसके अलावे संविधान वर्णित आर्टिकल 350ए के तहत प्रदत्त अधिकार को महफूज रखते हुए इलाके के हो भाषा, ओड़िआ भाषा एवं हर गांव के लोगों की उनकी भाषा अनुरूप शिक्षक देकर सर्वप्रथम मातृभाषा की संरक्षण पर वल दिया। रविंद्र मंडल ने कहा हो एवं ओड़िया दोनों ही द्वितीय राजभाषा रही है झारखंड की। कहा कि कोल्हान की तरक्की का रास्ता यहाँ की मातृभाषा के संरक्षण और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से होकर गुजरता है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि चिड़िया माइंस और नोवामुंडी सड़क की खस्ताहाली अब बर्दाश्त से बाहर है। हमें अपनी भाषा के साथ-साथ अपने अधिकारों और क्षेत्र के नवनिर्माण के लिए एकजुट होना होगा। सचिव मानसिंह हेंब्रम जो भारतीय थल सेना के जवान रहे हैं उन्होंने लोगों को डर एवं भ्रम से सदैव दुर रहने तथा दिल्ली, बंगलोर की तरह हर व्यक्ति विशेष कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने पर बल दिया। कार्तिक परिच्छा ने सर्वप्रथम पाईक विद्रोह दिवस पर पोड़ाहाट राजा अर्जुन सिंह के सेना में अंग्रेज के विरूद्ध लडने वाले हर आदिवासी वीरों का जीक्र कर उन्हें नमन किया। अपना संबोधन ओड़िया भाषा देते हुए उन्होंने महज 40 किलोमीटर दुर राउरकेला इस्पात शहर से बसा इस इलाका तथा जिले मे आगामी जनगणना के समय अपनी भाषा ओडिया बोल कर परिचय देने की अपील की। साथ ही हो एवं अन्य भाषियों को अपना।अपना भाषा पर परिचय रख संविधान की मयार्दा अनुरूप आरंभिक शिक्षा पाने व बढ़ने पर बल दिया । सुमित्रा जोंकों ने हो भाषा में अपना गाना गाकर सबक मन मोह लिया। इस अवसर पर मनोज कुमार चंपिया, नीम लुगून, अमरजीत लागुरी, सुमित बालमुचू, मोटाय तियु, मार्शल गुड़िया,बालकृष्ण हेम्बरम, बलराम सूरिन, गुरू बारी देवगम, अशोक बाहदा, सुखदेव हेम्बरम, रविंद्र मंडल, अधिवक्ता पुनम हेंब्रम, जयसिंह हेंब्रम, सुमित्रा जोंकों, कार्तिक परिच्छा समेत दस हजार की भीड़ मांगे मिलन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# वायरल वीडियो में ट्रक चालक से चौकीदार के पैसे लेने का मामला गरमाया

### सिमरिया सीओ का एक्शन, चौकीदार को थमाया शोकॉज नोटिस

### चौकीदार के करतूतों से उत्पन्न हो रही विधि व्यवस्था की समस्या:सीओ

संवाददाता

**चतरा :** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बगरा में चौकीदार द्वारा कथित अवैध वसूली के वायरल वीडियो ने प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चौकीदार से जवाब तलब किया है। सिमरिया के अंचलाधिकारी ने बताया कि पूरा मामला चतरा-रांची मुख्य मार्ग एनएच-22 स्थित जबड़ा बाजार के पास बने नो एंट्री चेकपोस्ट की है। इस बाबत अंचल अधिकारी ने शोकॉज में कहा है कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे 57 सेकंड के वीडियो में चौकीदार ट्रक चालकों से खुलेआम पैसे लेते हुए नजर आ रहा है। वीडियो के अनुसार नो एंट्री




के दौरान वाहनों को पास कराने के नाम पर चालकों से चौकीदार सत्येंद्र सिंह अवैध वसूली कर रहा है। वीडियो में चौकीदार कथित रूप से चालकों से पैसे लेकर अपनी वर्दी की जेब में रखते हुए दिख रहा है।इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सिमरिया के अंचल अधिकारी गौरव कुमार ने आरोपी चौकीदार सत्येंद्र सिंह को 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। अंचल कार्यालय से जारी शोकॉज नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि ड्यूटी के दौरान इस प्रकार की गतिविधि न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे विधि-व्यवस्था प्रभावित होने की भी आशंका है। सीओ गौरव कुमार ने सख्त लहजे में कहा है कि भ्रष्टाचार और अनियमितता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी द्वारा दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और ट्रक चालकों में भी आक्रोश देखा गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस अवैध वसूली का विरोध भी किया था, जिससे कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई थी। वहीं, इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है और पूरे घटनाक्रम की निगरानी की जा रही है। पीड़ित ट्रक चालकों का कहना है कि नो एंट्री के दौरान जबड़ा चेकपोस्ट पर तैनात चौकीदार वाहनों को आगे बढ़ाने के लिए पैसे की मांग करता था। इस खुलासे के बाद अब प्रशासन पर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल, सभी की नजरें आरोपी के जवाब और आगे की प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## हंटरगंज में भाजपा का प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता

**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी हंटरगंज मंडल, पांडेपुरा मंडल और जोरी मंडल के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को प्रखंड के बहेरी स्थित जीरामणि कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा-अभियान 2026 के तहत मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को संगठन और सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी देना था। मुख्य अतिथि के रूप में चतरा विधायक जनार्दन पासवान शामिल हुए।कार्यशाला में श्री पासवान ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, सेवा भाव एवं जनहित में समर्पित रहकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का संदेश दिया। वही कई वक्ताओं ने भी संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकताओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों का घर-घर जाकर प्रचार करना चाहिए। कोई भी पार्टी तभी मजबूत होती है जब उसका संगठन मजबूत हो। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी की मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि उनका हर हाल में सम्मान किया जाना चाहिए।यह प्रशिक्षण अभियान कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक साबित हुआ। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विद्यासागर आर्य,शिवकुमार चौबे ,सुनील चौरसिया,सतीश सिंह, हंटरगंज मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सिंह,जोरी मंडल अध्यक्ष गायत्री साहू, पांडेपुरा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि रोशन कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह मुन्ना, गुंजित कुमार सिंह, नागेन्द्र यादव, बहोरी सिंह,सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## स्ट्रीट लाइट मरम्मत को लेकर नगर निगम के सामने प्रदर्शन

**जमशेदपुर :** मानगो में स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर हिन्दुस्तान अभियान का असर दिखने लगा है। सामाजिक संस्था भी इस मुद्दे को लेकर मुखर होने लगे हैं। सोमवार को मानगो वेलफेयर मिशन ट्रस्ट के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने स्ट्रीट लाइट की मरम्मत और नई लाइटों की खरीदारी की मांग को लेकर मानगो नगर निगम के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान मेयर सुधा गुप्ता के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। बता दें कि आपके प्रिय अखबार हिन्दुस्तान ने स्ट्रीट लाइट मरम्मत कराओ अभियान चलाकर लोगों की समस्याओं को सामने लाया। छह दिन बाद इसका असर सोमवार को देखने को मिला। मेयर को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि लंबे समय से मानगो में नई स्ट्रीट लाइट की खरीदारी नहीं हुई है।
करीब चार साल से खरीद नहीं होने के कारण नगर निगम के पास स्ट्रीट लाइट का स्टॉक लगभग समाप्त हो चुका है। वर्तमान में बिजली मिस्त्री केवल खराब लाइटों की मरम्मत कर रहे हैं। जिन खंभों की लाइट मरम्मत योग्य नहीं रहती, वहां नई लाइट नहीं लग पाने से कई इलाकों में अंधेरा बना हुआ है।सोसाइटी के सदस्यों ने बताया कि दिसंबर 2024 में विधानसभा चुनाव के दौरान स्ट्रीट लाइट खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन आचार संहिता लागू होने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। इसके बाद भी टेंडर दोबारा शुरू नहीं किया गया। 2026 में नगर निगम चुनाव संपन्न होने के बावजूद स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है। लोगों ने मांग की कि जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर क्षेत्र में नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाए, ताकि आम नागरिकों को अंधेरे की समस्या से राहत मिल सके।

## धनबाद में बारिश से तापमान में गिरावट, अलर्ट जारी

**धनबाद :** जिले में मंगलवार की दोपहर से देर शाम तक रुक-रुककर बारिश होती रही, जिससे मौसम सुहावना हो गया। साथ ही लोगों को गर्मी से राहत मिली। लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और कई क्षेत्रों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम में बदलाव के चलते जनजीवन पर असर देखा गया। सड़कों पर पानी जमा होने से कुछ जगहों पर यातायात प्रभावित हुआ। वहीं बाजारों में भी सामान्य से कम भीड़ रही। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए यह बारिश मिश्रित प्रभाव लेकर आई है।
जहां कुछ फसलों को फायदा होगा, वहीं तेज हवा और संभावित ओलावृष्टि से नुकसान की आशंका भी बनी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने धनबाद सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, तीन अप्रैल तक मौसम इसी तरह अस्थिर रहेगा। इस दौरान बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना जताई गई है। साथ ही 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। खासकर खुले मैदान व पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभे के पास खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है। किसानों को भी फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने को कहा गया है।

# रामनवमी में डीजे बजाने के विवाद में हुई थी राम कुमार साव की हत्या

### पुलिस के शिकंजे में तीन आरोपी

संवाददाता

**हजारीबागः** जिला में रामनवमी के दौरान गोदखर निवासी राम कुमार साव की हत्या डीजे बजाने को लेकर हुई थी। इस बात का खुलासा हजारीबाग के एडिशनल एसपी अमित कुमार ने किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं धारदार हथियार भी पुलिस ने बरामद किया है।

हजारीबाग में रामनवमी के दिन 27 मार्च को राम कुमार साव की हत्या धारदार हथियार से कर दी गई थी। जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुए मामूली से विवाद के कारण यह घटना घटी थी। हजारीबाग पुलिस ने घटना का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों की गिरफ्तार किया है। एसआईटी ने घटना को अंजाम




देने वाले करण कुमार यादव, अरुण यादव और नितेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना को अंजाम देने वाला धारदार हत्यारा की बरामद किया गया है। हजारीबाग एडिशनल एसपी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलूस के दौरान करन यादव डीजे पर चढ़कर नाच रहा था। उसी दौरान राम कुमार साव ने उसे डीजे से नीचे उतरने और संयम बरतने को कहा। यह बात करन यादव को इतनी नागवार गुजरी कि उसने गुस्से में आकर रामकुमार साव पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमला इतना अचानक और खतरनाक था कि रामकुमार साव को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी करण यादव मौके से फरार हो गया और सीधा अपने घर पहुंचा। जांच में खुलासा हुआ कि उसके इस अपराध में उसके करीबी दोस्त नीतेश कुमार यादव उर्फ छोटा डॉन और उसके पिता अरुण यादव ने भी साथ दिया। तीनों ने मिलकर आरोपी को भगाने और हत्या में इस्तेमाल हथियार को छिपाने की कोशिश की, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

इस घटना के उद्भेदन के लिए पेलावल थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने लगातार छापेमारी अभियान चलाते हुए तकनीकी और स्थानीय इनपुट के आधार पर मुख्य आरोपी करन कुमार यादव और उसके साथी नीतेश कुमार यादव को कंडसार रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। वहीं तीसरे आरोपी को छड़वा डैम काली मंदिर के पास से दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अरुण यादव के घर की छत पर लगे कैमरे के पास से खून से सना भुजाली बरामद किया।बता दें कि घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है लेकिन पुलिस ने हालात को नियंत्रण में बताते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती कर दी है। प्रशासन लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है।